The interconnection of the renewable energy system with the network of the Distribution licensee shall be made as per the technical standards for connectivity of distributed generated resources Regulations to be notified by the Central Electricity Authority. Until such time, the interconnection of the renewable energy system of a particular capacity, with the network of the Distribution licensee, **shall be made on the contracted load and/or respective voltage level applicable to the consumer as per the provisions of Madhya Pradesh Electricity Supply Code, 2013.** All the cost related to augmentation shall be borne by the consumer. Provided that the system fulfils the technical requirements for grid interconnection with the network of the distribution licensee. "

उक्त वर्णित प्रावधान सरल और स्पष्ट हैं जिनमें कोई विसंगति नहीं है। परिसर में विद्युत उत्पादन के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना परिसर की प्रधान गतिविधि न होकर परिसर के आनुषंगिक है।

6. आवेदिका ने अपनी प्रस्तुति में माननीय न्यायाधीन जी.पी. सिंह की पुस्तक "Principle of Statutory Interpretation" पर विश्वास व्यक्त करते हुए उल्लेख किया है कि डिस्काम ने **"And/Or"** का गलत अर्थ लगाया है। आवेदक द्वारा इस संबंध में कामता प्रसाद अग्रवाल विरूद्ध कार्यकारी अधिकारी बल्लबगढ़, बाबू मनमोहनदास शाह विरूद्ध बिशन दास और मेसर्स हैदराबाद एस्बेस्टोस सीमेंट विरूद्ध संघीय भारत एवं अन्य के न्यायिक

दृष्टांत प्रस्तुत किए हैं। यह देखा जा सकता है कि ये सभी प्रकरण **"And/Or"** को, जहां कथन या शर्तें **"And/Or"** से जुड़े हों, विशिष्ट रूप से व्यवहारित नहीं करते हैं ।

माननीय केरल उच्च न्यायालय के WP (c) No. 13688/2010 (I) (Annuere - 4) डॉ. प्रीति नायर विरूद्ध केरल विश्वविद्यालय में दिए गए निर्णय दिनांक 29.11.2013 के पैरा – 11 में शब्द **"And/Or"** का विशिष्ट रूप से निम्नानुसार निपटारा किया गया है :–

"On a perusal of the definition of using the words "and/or" from the various Dictionaries and Law Lexicons relied upon by the learned counsel for the petitioners, one cannot come to a conclusion that it can either be treated as additional qualification or it has to be treated as an alternate qualification. Whether it should be treated as an additional qualification or alternate qualification is a matter to be considered depending upon the facts and circumstances of each case".

7. उपरोक्त पैरा 5 और 6 को दृष्टिगत रखते हुए ''मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (ग्रिड कनेक्टेड नेट मीटरिंग) विनियम 2015'' के विनियम 7 के अवलोकन से स्पष्ट है कि नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र का वितरण अनुज्ञप्तिधारी की प्रणाली से अन्तर्संयोजन संविदा भार पर होगा जो कि एक अनिवार्य शर्त है क्योंकि विद्युत प्रदाय संहिता 2013 की कण्डिका 3.4 के अनुसार उपभोक्ता को विद्युत प्रदाय का वोल्टेज उपभोक्ता द्वारा प्राप्त किए संविदा भार से निर्णित होता है और आवेदिका विनियम का गलत अर्थ लगा रही हैं।

8. **'नेट मीटरींग' {2(0)}** और **'परिसर'' {2 (f)}** की परिभाषा के साथ विनियम 6 और 7 को पढ़ने पर यह स्पष्ट है कि नेट–मीटरिंग के माध्यम से विद्युत का उत्पादन प्रधान गतिविधी नहीं है। नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र की स्थापित क्षमता म0प्र0 विद्युत प्रदाय संहिता 2013 के प्रावधानों के साथ संरेखित होगी और इस संयंत्र का अन्तर्संयोजन म.प्र. विद्युत प्रदाय संहिता 2013 के प्रावधानों के अनुसार संविदा भार और/या उपभोक्ता को लागू संबंधित वोल्टेज पर होगा ।

9. म.प्र. विकेन्द्रीत नवीकरणीय उत्पादन नीति' M.P. Policy for Decentralized Renewable Generation" भी यह संकेत देती है कि श्रेणी–I (नेट–मीटरिंग प्रकरण के लिए) के अंतर्गत नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र की स्थापना परिसर के आनुषंगिक (Ancillary) होनी चाहिए न कि परिसर की प्रधान गतिविधि (Primary Activity)।

10. कार्यालय अधीक्षण यंत्री (शहर) जबलपुर ने आवेदिका के संविदा भार में कमी के आवेदन को कभी अस्वीकार नहीं किया है। उपभोक्ता को पहले ही विकल्प दिया जा चुका है कि वे अपने उच्चदाब कनेक्शन की संविदा मांग में इस शर्त पर कमी कर सकती हैं कि सौर

ऊर्जा संयंत्र की उत्पादन क्षमता संविदा मांग के अन्दर या इसके बराबर हो। माननीय फोरम के समक्ष भी यह कथन पूर्व में किया जा चुका है।

11. आवेदिका के आवेदन पर माननीय आयोग द्वारा जारी नियमों एवं विनियमों के अनुसार कार्यवाही की गई है और विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 142 अभियोजित किए जाने का कोई प्रश्न नहीं उठता है।

12. अनावेदकों ने फोरम तथा लोकपाल के समक्ष प्रस्तुत उत्तर में विनियमों एवं प्रावधानों का स्पष्ट उल्लेख किया है और आवेदिका की शिकायत में नेट मीटरिंग विनियम 2015 व इसके संशोधनों में कण्डिका 2 (q) तथा 6 में परिभाषित 'परिसर' तथा 'पात्र उपभोक्ता तथा वैयक्तिक परियोजना क्षमता' के बारे में कुछ भी अभिव्यक्त नहीं करते हुए अपने उत्तरों में मौन रही हैं। आवेदिका ने केवल नेट मीटरिंग विनियम 2015 के विनियम 7 के अर्थ पर बहस की है और न्यायिक निर्णयों के दृष्टांत, जो कि "And/Or" को विशेषतः संबोधित नहीं करते, देते हुए इसका अशुद्ध अर्थ लगाया है। आवेदिका मिथ्या विचार से ग्रसित हैं और अपने लाभ के लिए विनियम की व्याख्या कर रही हैं।

13. नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा विभाग, म.प्र. शासन ने अपने प्रमुख सचिव के माध्यम से माननीय आयोग के समक्ष याचिका क्रमांक 42/2019 प्रस्तुत की है जिसमें उपभोक्ता को दिए गए संविदा भार के लिए नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोत की अनुज्ञेय की जाने वाली अधिकतम उत्पादन क्षमता के संबंध में स्पष्टीकरण की पहले ही मांग की जा चुकी है। इस याचिका की मोशन हियरिंग दिनांक 06.12.2019 को आयोजित की गई थी जिसमें माननीय आयोग की याचिका स्वीकार करते हुए अनावेदक को जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है। सभी अनावेदकों की ओर से प्रस्तुत जवाब की प्रति संलग्नक–6 के रूप में अवलोकनार्थ प्रस्तुत है। प्रकरण माननीय आयोग के समक्ष विचाराधीन है, इसलिए प्रश्नाधीन मामले को स्वीकार किया जाना 'मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (उपभोक्ता की शिकायतों के निराकरण हेतु फोरम तथा विद्युत लोकपाल की स्थापना) (संशोधन–प्रथम) विनियम 2009' की कण्डिका 4.11 के प्रावधानों के अनुसार उचित नहीं हैं क्योंकि इस कण्डिका में माननीय आयोग के समक्ष जारी/प्रस्तावित Proceedings की विषय वस्तु से संबंधित किसी अभ्यावेदन को लोकपाल द्वारा स्वीकार किया जाना निषेध किया गया है।

14. मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (ग्रिड संयोजित शुद्ध मापन) विनियम 2015 के विनियम 8(6) में दिए प्रावधान अनुसार *''उपभोक्ता टैरिफ के साथ–साथ किन्हीं अन्य प्रभारों के*

*लिए, जो आयोग द्वारा अनुज्ञेय किए गए हों तथा शासन द्वारा अधिरोपित टैक्स/ड्यूटी/सेस के लिए बिल जारी करने के लिए वितरण अनुज्ञप्तिधारी पात्र होगा।''*

15. 'टैरिफ'' शब्द को MPERC (Terms & Condition for Determination of Tariff for Supply and Wheeling of Electricity and Methods and Principles for Fixation of Charges) Regulations 2015 (संक्षेप में – टैरिफ निर्धारण विनियम 2015) में निम्नानुसार परिभाषित किया गया है –

    "Tariff" shall mean the schedule of charges payable by consumers **for distribution and supply of electricity** together with terms and condition thereof."

16. उक्त पैरा '14' एवं '15' के अवलोकन से यह बताया जा सकता है कि माननीय आयोग ने टैरिफ तथा उनके द्वारा अनुज्ञेय अन्य प्रभारों एवं शासन द्वारा अधिरोपित टैक्स/ड्यूटी/सेस के अनुसार बिल जारी करने के लिए वितरण अनुज्ञप्तिधारी को अनुमति प्रदान की है। न्युनतम टैरिफ प्रभार की मांग माननीय आयोग द्वारा जारी खुदरा प्रदाय टैरिफ आदेश के अनुसार की गई है।

17. टैरिफ निर्धारण विनियम 2015 में टैरिफ विनियम प्रभारों को टैरिफ से आय और टैरिफ में भाग के रूप में माना गया है। इस संबंध में इसका विनियम 39 निम्नानुसार उद्घृत है :–

    *"Income from all charges determined by the Commission for Distribution and supply of electricity shall be considered as Tariff income. Tariff income shall include fixed charges, energy charges, minimum charges and other charges as may be specified by the Commission for different consumer categories."*

18. टैरिफ मिनिमम चार्जेस का उद्देश्य डिस्काम की स्थाई लागत की गारंटी के साथ वसूली है और यह डिस्काम से न्युनतम वार्षिक खपत (Minimum Annual Consumption) की गारंटी के लिए उपभोक्ता श्रेणी अनुसार संविदा मांग के प्रति के.व्ही.ए. के लिए निर्धारित युनिट्स की मात्रा के आधार पर माननीय आयोग द्वारा जारी टैरिफ आदेश के अनुसार बिल किए जाएंगें, चाहे वर्ष के दौरान कोई विद्युत खपत की गई हो या न की गई हो। इस संबंध में टैरिफ की उपरोक्त पैरा में दी गई परिभाषा के साथ टैरिफ निर्धारण विनियम 2015 का विनियम 42.1 (d) पढ़े जाने का अनुरोध हैः–

    *"Tariff Minimum: Tariff minimum charges for a class or category of the consumers shall be recoverable from the consumers till the time fixed charges are aligned with recovery of full fixed cost;"*

19. साथ ही न्यूनतम प्रभारों का मुद्दा वर्ष 2019–20 के खुदरा प्रदाय टैरिफ आदेश के विषय क्र. 7 में डील किया गया है। माननीय आयोग ने पाया है कि ''टैरिफ मिनिमम प्रभारों का उद्देश्य डिस्काम की स्थाई लागत की गारंटीड वसुली है। किसी माह में न्युनतम खपत की गारंटी से नीचे उपभोक्ता की खपत होने पर यह प्रभार प्रभारित किये

जाते हैं।'' इसलिए, माननीय आयोग ने टैरिफ मिनिमम प्रभारों के वर्तमान प्रावधानों को जारी रखा है।

20. उक्त पैरा '14' से '19' के अनुसार यह स्पष्ट है कि आयोग ने स्पष्टता के साथ नेट मीटरिंग उपभोक्ताओं के लिए बिलिंग प्रक्रिया निश्चित की है और डिस्काम इसको लागू तथा व्यवहारित करने के लिए बाध्य है।

21. मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (ग्रिड संयोजित शुद्ध मापन) विनियम 2015' का विनियम 8 'ऊर्जा लेखांकन तथा व्यवस्थापन (Energy Accounting and Settlement)', नेट मीटरिंग संयोजनों की बिलिंग को व्यवहारित (Deal) करता है जो निम्नानुसार उद्धृत है :–

***8. Energy Accounting and Settlement :-***

*(1) For each billing period, the licensee shall show the quantum of injected electricity by eligible consumer in the billing period, quantum of electricity supplied by the Distribution licensee in the billing period, net billed quantum of electricity for payment by the consumer for said billing period and net carried over quantum of electricity to the next billing period separately;*

*(2) In the event of the quantum of electricity injected exceeds the electricity consumed during the billing period, such injected excess electricity shall be carried forward to the next billing period as electricity credit and may be utilized to calculate net electricity injected or consumed in future billing periods.*

***(3) In such case where the electricity supplied by the Distribution licensee during any billing period exceeds the electricity generated by the eligible consumer's renewable energy system, the Distribution licensee shall raise invoice for the net electricity consumption after taking into account any electricity credit balance remaining from previous billing periods****.*

*(4) In such case where the eligible consumer is under the ambit of time of day tariff, as determined by the Commission from time to time, the electricity consumption in any time block (e.g. peak hours, off-peak hours, etc.) shall be first compensated with the electricity generation in the same time block. Any cumulated excess generation over consumption in any other time block in a billing cycle shall be accounted as if the excess generation occurred during the off-peak time block.*

*(5) The excess electricity measured in kilo-watt hour may only be utilized to offset the consumption measured in kilo-watt hour and may not be utilized to compensate any other fee and charges imposed by the Distribution licensee as per the instructions of the Commission.*

(6) ***The Distribution licensee in addition to consumer tariff shall be eligible to raise invoice for any other charges as allowed by the Commission and any tax/duty/cess imposed by the Government.***

(7) *At the end of the each financial year, any net energy credit which remains unadjusted shall be paid by the Distribution licensee to the eligible consumers at the average pooled cost of power purchase as mentioned in the retail supply tariff order of that financial year.*

(8) *The consumer whose entitlement as a consumer of the licensees is ceased or receiving the amount of he is not setting his dues to the licensee, shall not be entitled to receive due amount of the adjustment/credit.*

(9) *In case of any dispute in billing it shall be settled under the provisions of Madhya Pradesh Electricity Regulatory Commission (Establishment of Forum and Electricity Ombudsman for redressal of grievances of the consumers) (Revision - I) Regulations, 2009 as amended from time to time.*

22. विनियम 8(3) में स्पष्ट रूप से प्रावधानित है कि ऐसे प्रकरणों में जहां किसी माह में विद्युत अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रदाय की गई विद्युत की मात्रा पात्र उपभोक्ता के नवकरणीय ऊर्जा प्रणाली द्वारा उत्पादित विद्युत की मात्रा से अधिक हो, पूर्व बिलिंग अवधियों के बकाया electricity credit balance को हिसाब में लेने के बाद नेट विद्युत खपत के लिए बिल जारी करेगा। इससे स्पष्ट है कि आवेदिका के सौर संयंत्र से उत्पादित के लिए डिस्काम बिल जारी नहीं कर सकता है और ऐसे सौर युनिट्स को घटाना/समायोजित करना आवश्यक है।

23. आवेदिका द्वारा यह भ्रमित किया जा रहा है कि इससे उनके लिए भारी वित्तीय कठिनाईयां उत्पन्न हो रही हैं। इस संबंध में निम्न टैबल की ओर ध्यान आकृष्ट हैं।

| **Billing Month** | **Solar NET Metering Export Units Adjusted** | **Average Tariff Applicable X Solar Generation (B) (in Rs.)** |
|---|---|---|
| **A** | **B** | **C** |
| Apr - 19 | 5148 | 36345 |

| | | |
|---|---|---|
| May - 19 | 5417 | 38244 |
| June - 19 | 5635 | 39783 |
| July - 19 | 4282 | 30231 |
| Aug - 19 | 2618 | 18956 |
| Sept - 19 | 1970 | 15484 |
| Oct - 19 | 2699 | 21214 |
| Nov - 19 | 3356 | 26378 |
| Dec - 19 | 497 | 3906 |
| Jan - 2020 | 1625 | 12773 |
| **Total** | | **243314** |

*The Average tariff Applicable for the HV - 3.1 Industrial is Rs./Unit 7.06 for FY 2018-19 and for FY 2019-20 Rs./ Unit 7.86.*

उक्त टेबल से स्पष्ट है कि आवेदिका द्वारा अप्रैल 2019 से जनवरी 2020 तक की अवधि में लगभग 2,43,314/— रूपयों का लाभ प्राप्त किया है तथा नेट मीटरिंग कनेक्शन से लाभान्वित हुई है और वित्तीय कठिनाईयों के बारे में भ्रमित कर रही हैं।

24. प्रतिमाह उपभोक्ता की बिलिंग आयोग द्वारा जारी खुदरा प्रदाय टैरिफ आदेश तथा मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (ग्रिड संयोजित शुद्ध मापन) विनियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार उचित रूप से की जाती है।

म.प्र. राजपत्र में दिनांक 04.10.2016 को अधिसूचित विकेन्द्रीत नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की म.प्र. की नीति की कण्डिका 4.5 कहती है कि —

*"**4.5.** This Policy sets the roadmap for growth of decentralized RE System in the state. The Regulations, especially pertaining to Net metering, might be further liberalized, so as to enable growth of RE projects in accordance with the target set by Government of India. However, in case of any discrepancy between the provisions of this policy and the regulations of the Commission, at present or in future, the provision of the orders/ regulations of the Commission shall prevail."*

25. आवेदिका द्वारा TMM प्रभारों की मांगी गई राशि अनुरक्षणीय नहीं हैं। सौर ऊर्जा संयंत्र की उत्पादन क्षमता को संविदा मांग तक रखे जाने की शर्त पर आवेदिका को संविदा मांग में कमी का विकल्प पहले ही दिया जा चुका है। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत शिकायत की कानून की दृष्टि में कोई महत्ता नहीं है।

26. प्रश्नाधीन विवादित प्रकरण आधारहीन है और आवेदिका द्वारा उठाए गए मुद्दों में कोई मेरिट नहीं है। निवेदन है कि मेसर्स श्री महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड़, जबलपुर द्वारा प्रस्तुत शिकायत खारिज की जाए।

**05.** अगली सुनवाई दिनांक 05.03.2020 को आयोजित की गई, जिसमें आवेदक की ओर से उनके अधिकृत अधिवक्ता श्री डी. खण्डेलवाल तथा अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में आवेदक फर्म के एकाउन्टेन्ट श्री अमित अग्रवाल उपस्थित किन्तु अनावेदकगण की ओर से कोई उपस्थित नहीं।

**(अ)** आवेदिका अधिवक्ता ने मौखिक कथन किया कि –

1. अनावेदक क्रमांक–02 ने ई–मेल दिनांक 03.03.2020 के द्वारा सुनवाई की तिथि को आगे बढ़ाने हेतु जो निवेदन किया है आवेदक उसका सख्त विरोध प्रकट करता है, क्योंकि अनावेदक ने स्वयं उपस्थित न होने का कोई कारण नहीं बताया है तथा इसके पूर्व दिनांक 25.02.2020 की सुनवाई में अनावेदक के स्थानीय वकील के साथ सुनवाई में उपस्थित थे, अतः वकील का उपलब्ध न होना कोई कारण नहीं है । इसके पूर्व भी प्रथम सुनवाई दिनांक 05.02.2020 में अनावेदक ने इसी प्रकार की प्रार्थना विद्युत लोकपाल महोदय से कर 20 दिन का समय लिया था तथा सुनवाई दिनांक 25.02.2020 को नियत की थी।

2. अनावेदक क्रमांक. 2 जान–बूझकर किसी न किसी बहाने से लगातार तिथि बढ़ाने के लिए ही निवेदन करते आ रहे हैं। मैंने पहले भी माननीय को सूचित किया कि फोरम के समक्ष भी उनका इसी प्रकार का आचरण रहा है। आवेदिका को शंका है कि वे अब राजस्व वसूली का बहाना लेकर पुनः यदि कोई तिथि निर्धारित होती है तो उसमें उपस्थित नहीं होंगे। आवेदक को बार–बार जबलपुर से भोपाल आकर अनावश्यक आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलना पड़ रही है। आवेदक ने अपने प्रतिवेदन में तथा प्रत्युत्तर में अनावेदकों के सभी आपत्तियों का उत्तर माननीय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। माननीय विद्युत उपभोक्ता को शिकायतों का निराकरण करने के लिए उच्चतर ऑथारिटी है तथा ऐसी स्थिति में आवेदक नम्र निवेदन करता है कि महोदय अनावेदक के आचरण को देखते हुए एक्स पार्टी आदेश देने की कृपा करें ताकि आवेदक अपने हित के लिए जो उचित हो वह कार्यवाही कर सके।

3. आवेदक को लगभग 50–60 हजार रू. प्रतिमाह अनावश्यक भुगतान करने पड़ रहे हैं तथा विद्युत अधिनियम 2003 व विद्युत प्रदाय संहिता 2013 में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिसके अन्तर्गत विद्युत अनुज्ञप्तिधारी अपनी मर्जी से जितनी बिजली देना चाहे उतनी

उपभोक्ता को दें। मेरी वास्तविक मांग कम हो गई है, अतः नम्रता के साथ विधि अनुसार निवेदन है कि संविदा मांग को कम करने की कृपा करें, जिसके लिए विधि में प्रावधान है तथा नेट मीटरिंग रेगुलेशन 2015 में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिसमें यह कथन किया गया हो कि सोलर प्लांट की केपेसिटी उपभोक्ता की संविदा मांग से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। जिसके लिए प्रमाण स्वरूप आवेदक ने अन्य राज्यों के नेट मीटरिंग रेगुलेशन की प्रतिलिपि प्रस्तुत की है जिसमें उन्होंने साफ लेख किया है कि उपभोक्ता की सोलर प्लांट की क्षमता संविदा मांग से कम होनी चाहिए, परन्तु ऐसा कोई उल्लेख मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग की नेट मीटरिंग रेगुलेशन 2015 में नहीं है। अतः निवेदन है कि आवेदक की परेशानी देखते हुए न्यायहित में यथोचित आदेश देने की कृपा करें।

**(ब)** अनावेदक क्र.1 के द्वारा 25.02.2020 की सुनवाई में प्रस्तुत लिखित उत्तर पर आवेदिका अधिवक्ता ने 05.03.2020 की सुनवाई में अपना लिखित प्रत्युत्तर भी प्रस्तुत किया जिसमें मुख्य रूप से निम्न कथन/तर्क प्रस्तुत किए गए :–

1. आवेदिका पुनः दोहराती है कि संविदा मांग में 120 के.व्ही.ए. से 100 के.व्ही.ए. की कमी ''मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग [ऊर्जा के नवीकरणीय (अक्षय) स्त्रोतों से विद्युत का सह–उत्पादन तथा उत्पादन] विनियम, 2010 की कण्डिका 7.12 के प्रावधानों के आधार पर की गई है ।
2. प्रतिवादी ने फोरम के समक्ष किसी भी ऐसे नियम (विनियम को नहीं दिया जिसके अनुसार संविदा मांग में कमी असंभव हो ।
3. कथित विनियम 2010 की प्रकृति अधीनस्थ विधान की है और यह कानून के समान शक्ति एवं प्रभाव रखता है ।
4. संविदा मांग में 120 के.व्ही.ए. से 100 के.व्ही.ए. की कमी विद्युत प्रदाय संहिता 2013, जिसको अर्न्तसंयोजन अनुबंध में संदर्भित किया गया है, की कण्डिका 7.12 से 7.15 के प्रावधानों के अनुरूप है। कमी के उपरान्त आवेदिका की संविदा मांग विद्युत प्रदाय संहिता 2013 की कण्डिका 3.4 से संरेखित रहेगी।
5. नेट मीटरींग विनियम 2015, जो अन्तर्संयोजन अनुबंध में संदर्भित है, की कण्डिका 6 पर आवेदिका विश्वास करती है, जिसके प्रावधान में सामान्य शब्द हैं और जिनमें कोई विसंगति नहीं है। सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना आवेदिका द्वारा स्वयं के उपयोग के लिए की गई है और किसी तृतीय पक्ष को विक्रय में आवेदिका संलग्न नहीं पाई गई है ना ही उसका ऐसा कोई इरादा नहीं है।

6. आवेदिका की ओर से अनेक राज्यों के विद्युत नियामक आयोग के नेट मीटरींग रेगुलेशन की प्रतियां प्रस्तुत हैं और इन सब में उल्लेखित है कि पात्र उपभोक्ता एवं व्यक्तिगत प्रोजेक्ट क्षमता के अन्तर्गत नवकरणीय ऊर्जा प्रणाली की क्षमता का उपभोक्ता की संविदा मांग से कम होनी चाहिए। माननीय आयोग ने कण्डिका–6 में ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया है इसलिए प्रतिवादी का तर्क बिना किसी आधार के मात्र एक काल्पनिक धारणा है जो कानून के अन्तर्गत प्रतिरक्षणीय नहीं है।

7. केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ने दिनांक 06.02.2019 को अधिसूचित CEA (Technical Standared for Connectivity of Distributed Generating Sources) Regulation 2019 में उपभोक्ता की संविदा मांग तथा नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की स्थापित क्षमता में कोई संबंध स्पष्ट रूप से नहीं बताया है। इस आधार पर नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 की कण्डिका 7, जिसका दूसरा भाग जो 'Until such time …..' से शुरू होता है, का कोई महत्व नहीं है और इस प्रकार यह कण्डिका, आवेदिका की संविदा मांग में कमी को प्रतिबंधित नहीं करती है।

8. आवेदिका विनियम–7 में प्रस्तुत शब्द "And/or" के बारे में माननीय न्यायाधीश जी.पी. सिंह की पुस्तक "Principles of Statutory Indespretations" के पेज 404–406 पर दिए गए उद्धरण पर विश्वास करती है जिसमें उल्लेखित है कि शब्द "OR" सामान्यतया विभक्तिकारक तथा शब्द "AND" सम्बद्ध कारक होता है। इसके साथ ही माननीय शीर्ष न्यायालय द्वारा भारत संघ विरूद्ध हंसोलीदेवी, हैदराबाद एसबेस्टास सीमेंट विरूद्ध भारत संघ, कामता प्रसाद अग्रवाल विरूद्ध कार्यपालन अभियन्ता बल्लभगढ़ तथा बाबु मनमोहन दास शाह विरूद्ध बिशन दास के प्रकरणों में पारित आदेशों में "And" तथा "or" शब्दों की दी गई व्याख्यायों पर आवेदिका विश्वास करती है।

9. कण्डिका – 7 में ''संविदा भार' तथा 'सप्लाई वोल्टेज' को "And/or" से सम्बद्ध किया गया है। चूंकि प्रयुक्त शब्द सरल प्रकृति के हैं, इनका सीधा अर्थ निम्नानुसार होगा :–

   A. "Until such time, the interconnection of the renewable energy system of a capacity with the network of the distribution system shall be made on the contracted load and respective voltage level applicable to the consumer as per the provisions of Electricity Supply Code 2013."

   B. "Until such time, the interconnection of the renewable energy sytem of a capacity with the network of the distribution system shall be made on the contracted load or respective voltage level applicable to the consumer as per the provision of Electricity Supply Code 2013."

10. आवेदिका फिर दोहराती है कि यदि माननीय आयोग की मंशा संविदाकृत भार तथा सप्लाई वोल्टेज दोनों शर्तों को रखने की होती तो "And" के स्थान पर "And/or" को लिखने की आवश्यकता नहीं होती।

11. आवेदिका की संविदा मांग में 120 के.व्ही.ए. से 100 के.व्ही.ए. की कमी का आवेदन नेट मीटरिंग रेगुलेशन 2015 की कण्डिका 6 एवं 7 और Madhya Pradesh Policy for Decentralized Renewable Energy Systems, 2016 के प्रावधानों जो 14.11.2017 को पुनरीक्षित किए गए हैं, की शर्तों को पूरा करता है। इसलिए कमी को स्वीकार करने में कोई प्रतिबंध नहीं है।

12. प्रतिवादी द्वारा टैरिफ मिनिमम युनिट्स (TMM) की गणना के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का आवेदिका विरोध करती है। आवेदिका का तर्क है कि टैरिफ आदेश की गारंटीड वार्षिक विद्युत खपत संबंधी कण्डिका ग्रिड से लिए गए इनपुट युनिट्स पर लागू होती है और आवेदिका की विद्युत खपत की परिधि में आती है।

यह निर्विवादित है कि किसी माह में प्रत्याभूत खपत से नीचे उपभोक्ता की खपत आने पर ही टैरिफ मिनीमम चार्ज भारित किए जाते हैं, जिसकी पुष्टि माननीय आयोग द्वारा जारी टैरिफ आदेश 2019–20 के उच्चदाब टैरिफ शेड्युल की 'शर्तों एवं दी कण्डिका 5 से भी होती है।

सौर संयंत्र की स्थापना के पहले TMM की गणना 12000 युनिट्स की मासिक न्युनतम खपत में से इनपुट युनिट्स को घटाकर की जाती थी किन्तु जनवरी 2019 में सौर संयंत्र की स्थापना के बाद इनपुट में से एक्सपोर्ट घटाकर नेट युनिट्स के आधार पर TMM युनिट्स निकाले जा रहे हैं जो कि अनुचित है। नेट मीटरिंग रेगुलेशन 2015 में TMM की गणना संबंधी ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। अपने उत्तर में प्रतिवादी इस रेगुलेशन की कण्डिका 8(3), 8(5) और 8(6) पर विश्वास करती हैं। इनमें से किसी भी कण्डिका या रेगुलेशन की अन्य कण्डिकाओं में ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया है कि ग्रिड खपत में से आवेदिका के सौर संयंत्र से उत्पादित अधिशेष मात्रा के एक्सपोर्ट किए गए युनिट घटाएं। प्रतिवादी क्र.–1 ग्रिड से विद्युत की खपत नहीं करने पर आवेदिका पर शास्ति लगा रहे हैं।

13. प्रतिवादीगण नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 की कण्डिका 5 का सहारा लेकर नेट युनिट्स के आधार पर TMM की गणना कर रहे हैं जो कि अनुचित है क्योंकि एक्सपोर्ट किए गए युनिट्स नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोत प्रणाली से उत्पादित विद्युत के अधिशेष युनिट्स हैं

और यह वास्तव में प्रतिवादियों को विक्रित किए गए हैं। इनको आफसेट करने से ग्रिड से की गई वास्तविक विद्युत खपत कम हो जाती है। परिणाम स्वरूप उपभोक्ता पर अनुचित TMM अधिरोपित होता है। अपीलार्थी की विनम्र प्रार्थना है कि आदेश में TMM की गणना इनपुट युनिट्स जो कि उपभोक्ता द्वारा ग्रिड से लिए और खपत किए गए युनिट्स हैं, के आधार पर किए जाने का स्पष्ट उल्लेख किया जाए।

14. जनवरी 2019 से दिसम्बर 2019 तक की अवधि में इम्पोर्ट युनिट्स, एक्सपोर्ट युनिट्स तथा नेट युनिट्स क्रमशः 114180, 40131 तथा 74049 रहे हैं । प्रतिवादियों ने नेट युनिट्स के आधार पर अर्थात् 1440000 – 74049 = 69951 युनिट्स TMM की गणना की है, जबकि इसके स्थान पर इनपुट युनिट्स के आधार पर TMM युनिट्स की गणना की जानी चाहिए थी अर्थात् 144000 – 114180 = 29820 युनिट्स, इस प्रकार 69951 – 29820 = 40131 युनिट्स जिसकी राशि 2.65 लाख रूपए है, अतिरिक्त वसूल किए गए हैं । यदि सौर संयंत्र स्थापित नहीं किया जाता तो केवल 29820 युनिट्स का TMM ही चार्ज लिया जाता, किन्तु सौर संयंत्र लगाने से सौर उत्पादन पर अतिरिक्त TMM बिल किया गया है जो साफ तौर पर अनुचित हैं और नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली से विद्युत उत्पादन की प्रोत्साहन नीति, चाहे वह केन्द्र सरकार की हो या राज्य सरकार की, का उल्लंघन है ।

15. अपीलार्थी का निवेदन है कि उनका पक्ष को स्वीकार किया जाए। अपीलार्थी ने लिखित एवं मौखिक रूप से प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रतिवादीगण प्रतिवेदन का उत्तर प्रस्तुत करने में विलंब कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में इसको अपीलार्थी का अंन्तिम उत्तर माना जाए।

16. अन्त में अपीलार्थी की ओर से प्रार्थना है कि –

    i) निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए आधार नहीं बताते हुए प्राकृतिक न्याय के सिद्वांतों के विपरीत दिनांक 31.12.2019 को पारित आदेश रद्द किया जावे जो कि कानून के अन्तर्गत अरक्षणीय है ।

    ii) आदेश की दिनांक से 3 दिन में विनियम 2010 की कण्डिका 11.2 के अनुसार संविदा मांग को 120 के.व्ही.ए. से 100 के.व्ही.ए. कम करने तथा कम की गई संविदा मांग का पूरक अनुबंध संपादित कर उनके द्वारा आवेदन प्राप्ति की दिनांक के एक माह बाद से इस प्रभावशील करने तथा 3 दिन में इसका पालन प्रतिवेदन लोकपाल को प्रस्तुत करने हेतु अनावेदक को निर्देशित किया जाए ।

iii) संविदा मांग में कमी की दिनांक से पुनरीक्षित स्थाई प्रभारों तथा न्युनतम खपत के लिए बिलों को पुनरीक्षित करने तथा आवेदक को अधिक वसूली की क्रेडिट पास करने के लिए अनावेदक क्र. 1 को निर्देशित करें ।

iv) टैरिफ मिनिमम की गणना नेट युनिट्स पर करते हुए इनपुट युनिट्स (विद्युत खपत) के आधार पर करने हेतु अनावेदक क्र.–1 को निर्देशित करें ।

अनावेदकों की अनुपस्थिति से प्रकरण में अगली सुनवाई दिनांक 18.03.2020 को नियत की गई ।

**06.** अगली सुनवाई दिनांक 18.03.2020 को आयोजित की गई जिसमें आवेदक की ओर से उनके अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में आवेदक फर्म के एकाउन्टेन्ट श्री अमित अग्रवाल तथा अनावेदकगण की ओर से श्री देवादित्य दुबे (मैनेजर) कामर्शिलय, ईस्ट जोन एवं अधिवक्ता श्री सुमित भलेरा उपस्थित ।

आवेदक प्रतिनिधि श्री अमित अग्रवाल द्वारा अधिकृत अधिवक्ता श्री खण्डलेवाल के हस्ताक्षर से लिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें सूचित है कि अनावेदक द्वारा सुनवाई दिनांक के पूर्व आवेदक को अपना लिखित प्रत्युत्तर उपलब्ध न कराने के कारण आज सुनवाई में आवेदक अपना प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने में असमर्थ हैं और उनकी स्वयं की अस्वस्थता के कारण आज की सुनवाई में वे उपस्थित नहीं हो सके हैं। अपने लिखित प्रतिवेदन में उनकी ओर से अनावेदक के लिखित उत्तर दिनांक 18.03.2020 पर अपना प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने के लिए न्यूनतम एक सप्ताह की अवधि दिए जाने की प्रार्थना की गई।

श्री दुबे की ओर से उन्हें प्रकरण का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए जाने संबंधी मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) के आदेश दिनांक 374 दिनांक 24.02.2020 की सम्पूर्ण सत्यापित प्रति तथा नवीन अधिवक्ता पत्र प्रस्तुत किया गया ।

अनावेदक क्रमांक 2 द्वारा नियत प्रभारी अधिकारी श्री देवादित्य दुबे (मैनेजर) एवं अनावेदक क्रमांक 1 अधीक्षण यंत्री शहर वृत्त मप्रपूक्षेविविकलि0 जबलपुर द्वारा अलग–अलग शपथ पत्रों के माध्यम से निम्न संलग्नकों के साथ संयुक्त लिखित उत्तर प्रस्तुत किया गया ।

(1) संलग्नक एक – Madhya Pradesh Policy for Decentralized Renewable Energy Systems, 2016

(2) संलग्नक दो – Madhya Pradesh P. K. V. V. C.L. Jabalpur Order No. EZ/ CGM/ Comml/ HT /VIP/ MISC-351/374 Jabalpur, date 24.02.2020

(3) संलग्नक तीन – प्राचार्य, पटना कॉलेज, पटना एण्ड अदर्स विरूद्ध कल्याण श्रीनिवास रमन के प्रकरण में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 24.09.1965 की नेट से डाउनलोड की गई प्रति।

(4) संलग्नक चार – आर. एस. नायक विरूद्ध ए0 आर0 अंतुले के प्रकरण में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 16.02.1984 की नेट से डाउनलोड की गई प्रति।

अनावेदक ने अपने लिखित उत्तर की प्रति संलग्नकों सहित आवेदिका प्रतिनिधि को उपलब्ध करा दिए जाने की सूचना दी जिसकी पुष्टि आवेदिका प्रतिनिधी द्वारा की गई।

अनावेदक क्रमांक. 1 एवं अनावेदक क्रमांक. 2 द्वारा सुनवाई में प्रस्तुत संयुक्त लिखित प्रत्युत्तर में मुख्य रूप से निम्न कथन/तर्क प्रस्तुत किए गए हैं :–

1. आवेदिका ने अपनी शिकायत में विभिन्न विनियमों और नीतियों का उल्लेख किया है जो वर्तमान प्रकरण से अप्रासंगिक हैं और कार्यवाहीयों को पथभ्रष्ट करती हैं। डिस्काम आवेदिका के तर्कों से सहमत नहीं है। वर्तमान मामलें को आवेदिका द्वारा संपादित नेट–मीटरींग अनुबंध की परिधि के अन्दर ही व्यवहारित किया जाना चाहिए। डिस्काम ने आवेदिका को माननीय आयोग द्वारा जारी नेट–मीटरींग रेगुलेशन 2015 व उसके उत्तरवर्ती संशोधनों तथा नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयोग एवं उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राज्य की संबंधित नवीकरणीय ऊर्जा प्रोत्साहन नीति के संरेखित नेट–मीटरींग कनेक्शन प्रदान किया है।

2. नेट–मीटरींग कनेक्शन 'मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (ग्रिड कनेक्टेड शुद्ध मापन ) विनियम 2015' (संक्षेप में – नेट मीटरींग विनियम 2015) के अन्तर्गत विनियमित होते हैं जिसमें लेखा और Settlement प्रक्रियां तथा समुचित मीटरींग व्यवस्था वर्णित हैं। इसलिए मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग [ऊर्जा के नवीकरणीय (अक्षय) स्त्रोतों से विद्युत का सह–उत्पादन तथा उत्पादन] विनियम, 2010 और इसके उत्तरवर्ती संशोधन नेट–मीटरींग कनेक्शनों को विनियमित नहीं करते हैं ना ही ये म0प्र0 शासन की नीति जो 17.10.2006 को अधिसूचित की गई है, के अन्तर्गत आते हैं। इस नीति की अवधि भी अक्टोबर 2011 को समाप्त हो चुकी है जो इस नीति के प्रावधान–39 से स्पष्ट है। चूंकि आवेदिका का नेट–मीटरींग कनेक्शन जनवरी 2019 में प्रदान किया गया था, अतः यह नीति इस पर लागू नहीं है। प्रावधानानुसार नेट–मीटरींग कनेक्शन म.प्र. की विकेन्द्रीत नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली नीति 2016 (संक्षेप में – विकेन्द्रीत ऊर्जा प्रणाली नीति 2016) तथा इसके उत्तरवर्ती संशोधनों के अधीन है। इस नीति में नेट–मीटरींग कनेक्शन केटेगरी–I में वर्गीकृत हैं। उक्त विनियम तथा नीति दोनों ही आवेदिका के तर्क का समर्थन नहीं करते हैं।

3. विकेन्द्रीत ऊर्जा प्रणाली नीति 2016 में व्यवस्था दी गई है कि केटेगरी–I (नेट–मीटरींग प्रकरण) के अन्तर्गत नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की स्थापना परिसर के उद्देश्य के आनुषंगिक

(Ancillary) होनी चाहिए न कि प्रधान गतिविधि (Primary Activity)। यह स्पष्ट रूप से स्थापित करता है कि नेट–मीटरींग व्यवस्था के अन्तर्गत नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की अधिकतम अनुज्ञेय क्षमता उपभोक्ता के संविदाकृत भार से अधिक नहीं होनी चाहिए।

4. नेट–मीटरींग विनियम 2015 के विनियम 6 में 'Eligible Consumer' को दी गई परिभाषा, जो निम्नानुसार उद्घृत है, स्पष्ट किया गया है कि नेट–मीटरींग व्यवस्था की प्रकृति निजि/स्वउपयोगी है ।

"6. **Eligible Consumer and individual project capacity:-** The capacity of Renewable Energy System to be installed at any premises shall be subject to the following conditions:-

(i) The installed capacity shall be aligned with the provisions of the Madhya Pradesh Electricity Supply Code, 2013, for permitting onsumer connections.

(ii) Third party sale shall not be allowed."

आवेदिका संविदा मांग में वांछित कमी कर आवश्यकता से अधिक (surplus) सौर उत्पादन क्षमता निर्मित करना चाहती है और स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र की क्षमता से नीचे संविदा मांग को कम करने पर यह इस संयंत्र की प्रकृति को परिसर के आनुषंगिक (Ancillary) से परिसर की प्रधान गतिविधि (Primary Activity) में परिवर्तित कर देगा।

5. केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (संक्षेप में CEA या के.वि.प्रा.) द्वारा जारी CEA (Technical Standared for Connectivity of the Distributed Generation Resources) Regulations, 2013 तथा इसके 2019 के संशोधन में संविदा मांग तथा नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की क्षमता में कोई संबंध निरूपित नहीं किया गया है। इसलिये 'मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (ग्रिड संयोजित शुद्ध मापन) विनियम 2015' जहॉ डिस्काम को CEA के उक्त रेगूलेशन में विनिर्दिष्ट तकनीकी मानको के आधार पर नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली का अपनी ग्रिड से अंतर्संयोजन अनुज्ञेय कर रहे हैं वहीं इन नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की अनुज्ञेय की जाने वाली क्षमता के निर्धारण के लिये म0प्र0 राज्य के सभी तीनों डिस्काम 'मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (ग्रिड संयोजित शुद्ध मापन) विनियम 2015' के रेगूलेशन 7 का अनुसरण कर रहे हैं और नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की क्षमता को संविदाकृत भार की सीमा तक नियंत्रित कर रहे हैं। सभी डिस्काम द्वारा माननीय आयोग को इस संबंध में अपनाई जा रही एक समान प्रक्रिया से रिट क्र. 42/2019 में दिनांक 25.2.2020 को प्रस्तुत संयुक्त उत्तर में सूचित कर दिया गया है।

6. आवेदिका द्वारा अपने उत्तर में कुछ अन्य रेगूलेशन, माननीय APTEL और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का हवाला दिया है किन्तु ये वर्तमान प्रकरण को प्रभावित नहीं करते हैं।

7. And/Or के बारे में आवेदिका की और से दिये गये विभिन्न न्यायालयीन आदेशों के दृष्टांत केवल "And" तथा "Or" शब्दों के बारे में हैं किन्तु इनमें "And/Or" के बारें में माननीय न्यायालय ने अपने आदेशों में कुछ भी उल्लेखित नहीं किया गया है।

8. शुद्ध मापन विनियम 2015 के विनियम–7 में संविदाकृत भार तथा वोल्टेज लेवल के मध्य "And/Or" का उपयोग किया गया है क्योंकि सप्लाई कोड 2013 में इन दोनों को निर्धारित किया गया है अतः "And/Or" के उपयोग का यह फल है कि जहॉ संविदाकृत भार तथा उपभोक्ता को लागू वोल्टेज लेवल दोनो निर्धारित किये गये हो वहॉ दोनो शर्तो को एक दूसरे के संदर्भ में संतुष्ट होने की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिये – 10 कि.वा. संविदाकृत भार वाले उपभोक्ता नेट मीटरिंग के लिये आवेदन प्रस्तुत करता है तो वह सप्लाई कोड 2013 के प्रावधान अनुसार केवल 10 कि.वा. तक की नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली 400 वोल्ट पर संयोजन के लिये ही पात्र है। इसके साथ ही यदि वही उपभोक्ता इसको 11 के व्ही. सप्लाई वोल्टेज पर संयोजित करना चाहता है तो संहिता के अनुसार उसे इसकी पात्रता नहीं है।

9. अनावेदक दोहराना चाहते हैं कि यदि माननीय आयोग की मंशा संविदाकृत भार और वोल्टेज लेवल में से किसी एक शर्त को ही पूरी करने की होती तो "Or" के स्थान पर "And/Or" को लिखने की आवश्यकता नहीं होती। आवेदिका द्वारा रेगूलेशन 7 की की गई व्याख्या से इसकी मूल भावना ही विफल हो जाती है क्योंकि संविदा मांग से ही उपभोक्ता के सप्लाई वोल्टेज का निर्धारण होता है।

10. माननीय न्यायाधीश जी.पी. सिंह की पुस्तक के पृष्ठ 404 के संदर्भ से यह स्पष्ट है कि कभी कभी "And" का मतलब "Or" तथा "Or" का मतलब "And" होता है। अपीलार्थी प्रकरण में "And" का मतलब "Or" ले रहे हैं जो कि उनके लिये अधिक लाभदायी है। किन्तु अपीलार्थी द्वारा गुजरात ऊर्जा विकास निगम विरूद्ध एस्सार पावर लि. के प्रकरण में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के प्रस्तुत दृष्टांत में न्यायालय ने आदेश में यह भी पाया है कि कभी कभी "Or" का मतलब "And" भी होता है। आवेदिका द्वारा गुजरात ऊर्जा विकास निगम विरूद्ध एस्सार पावर लिमिटेड के प्रकरण में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के प्रस्तुत दृष्टांत में न्यायालय ने आदेश में यह भी पाया है कि कभी–कभी ''Or'' का मतलब ''And'' भी होता है। यह तय है कि कभी कभी "And" का मतलब "Or" और "Or" मतलब "And" हो सकता है (जी.पी. सिंह की पुस्तक "Principle of Staturarry Interpretations' 9th Edition 2004,

page 404) आवेदिका प्रश्नाधीन प्रकरण में "And" का मतलब "Or" से ले रही हैं जो उनके लिए अधिक लाभकारी है। आवेदिका विधान में प्रयुक्त शब्दों का ऐसा अर्थ नहीं निकाल सकती है जो उसके लिए अधिक लाभदायी हो।

11. प्रतिवादी ने आवेदिका पर TMM प्रभार लगाने के कारणों को पहले ही दिनांक 25.02.2020 के लिखित अभ्यावेदन में प्रस्तुत कर दिया है। TMM चार्ज टैरिफ का एक भाग है और स्थाई लागत के रूप में वसूला जाता है। TMM चार्ज किसी प्रकार की शास्ति नहीं है जैसा कि आवेदिका ने अपने दिनांक 05.03.2020 के प्रस्तुतीकरण में उल्लेख किया है।

12. प्रत्येक माह उपभोक्ता की बिलिंग माननीय आयोग द्वारा जारी रिटेल सप्लाई टैरिफ आदेश तथा मप्रविनिआ (ग्रिड संयोजित शुद्ध मापन) विनियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार की जा रही है।

13. आवेदिका द्वारा TMM चार्ज की राशि का किया गया दावा प्रतिरक्षणीय नहीं है । आवेदिका को विकल्प दिया जा चुका है कि वह इस शर्त पर अपनी संविदा मांग कम कर सकती हैं कि उनकी नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की उत्पादन क्षमता संविदा मांग तक सीमित रखी जाए। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत शिकायत में कानून की दृष्टि से कोई ठोस तथ्य नहीं है। इस आधार पर प्रश्नाधीन विवादित प्रकरण आधारहीन है और आवेदिका द्वारा उठाए गए मुद्दों में कोई मेरिट नहीं है। निवेदन है कि आवेदिका की शिकायत तथा की गई प्रार्थना खारिज की जाए।

**07.** चूंकि कोविड–19 के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए शासन की ओर से शीघ्र ही दिशा–निर्देश जारी किया जाना अपेक्षित था, अतः इन दिशा–निर्देशों के अनुरूप अगली सुनवाई की तिथि का निर्धारण किए जाने तथा इसकी सूचना आयोग की वैबसाईट तथा पृथक नोटिस के माध्यम से उभयपक्षों को समुचित रूप से दिए जाने संबंधी निर्णय लिया गया।

**08.** कोविड–19 और लाक डाउन के कारण संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए अगस्त तक कोई सुनवाई आयोजित नहीं की गई। इस बीच आवेदिका के अधिवक्ता ने अनावेदकों के सुनवाई दिनांक 18.03.2020 में प्रस्तुत उत्तर पर अपने पत्र दिनांक 20.05.2020 (02.06.2020) द्वारा डाक से अपना प्रत्युत्तर प्रेषित किया, जिसमें अनावेदकों के कथनों/तर्कों का विरोध करते हुए पूर्व में प्रस्तुत अपने कथनों/तर्कों को दोहराया गया। सितम्बर माह में दिनांक 15.09.2020 को सुनवाई आयोजित की गई। इस सुनवाई में भी कोई भी पक्ष उपस्थित नहीं हुआ। आवेदिका की ओर से पत्र दिनांक 10.09.2020 से सुनवाई आगे बढ़ाने का निवेदन किया गया। इस दौरान आवेदिका के लिखित प्रस्तुतीकरण दिनांक 20.05.2020 (02.06.2020) पर अनावेदक क्र. 02 की ओर से डाक द्वारा पत्र

क्र.1254 दिनांक 25.08.2020 से उत्तर प्रस्तुत किया गया। अनावेदक क्र. 01 ने डाक से पत्र क्रमांक 2264 दिनांक 07.09.2020 से अनावेदक क्र. 02 के इस उत्तर पर अपनी सहमति देते हुए व्यक्त करते हुए इसको उनकी ओर से भी उत्तर के रूप में प्रस्तुत किया गया। अनावेदकों के इस लिखित उत्तर में पूर्व में किए गए लिखित/मौखिक कथनों एवं प्रस्तुत तर्कों/साक्ष्यों को दोहराने के साथ निम्न अतिरिक्त कथन/तर्क प्रस्तुत किए गए हैं:–

1. आवेदिका ने अपने लिखित प्रत्युत्तर दिनांक 20.05.2020 (02/06/2020) में स्वयं स्वीकार किया है कि केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा जारी CEA (Technical Standard for Connectivity of Distributed Generation Resources) Regulations 2019 में संविदा मांग तथा नई ऊर्जा प्रणाली की क्षमता के मध्य कोई संबंध प्रतिपादित नहीं किया है। किन्तु नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 के विनियम 2(0) तथा 2(q) में क्रमशः **'नेट मीटरींग'** तथा **'परिसर'** की दी गई परिभाषा तथा विनियम – 6 के प्रावधान नेट मीटरींग कनेक्शन को संविदा मांग तक या उसके नीचे रखने के लिए विवश करते हैं और संविदा मांग या संविदाकृत भार तथा अनुज्ञेय किए जा सकने वाले अधिकतम उत्पादन के मध्य संबंध स्थापित करते हैं और इसलिए विनियम 7 का दूसरा भाग जो 'Until such time-------' से शुरू होता है, अभी भी प्रभावशील है।
2. उक्त विनियम 2 (0) एवं 2(q) के विनियम 7 की तरह नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 के भाग हैं जिसके प्रावधानों का अपना प्रभाव है और डिस्काम इन प्रावधानों का पालन करने के लिए बाध्य हैं। इन प्रावधानों के अनुसार नेट मीटरींग के अंतर्गत विद्युत का उत्पादन परिसर की प्रधान गतिविधि नहीं हो सकती है और ऐसा सुनिश्चित करने में सौर संयंत्र की क्षमता संयोजन की संविदा मांग से अधिक नहीं हो सकती है।
3. यदि आवेदिका के इस मन्तव्य कि CEA (Technical Standard for Connectivity of Distributed Generation Resources) Regulations 2019 को दिनांक 06.02.2019 को अधिसूचित करने के बाद, नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 के विनियम 7 का दूसरा भाग 'Until such time-------' अब प्रभावहीन हो गया है और यह संविदा मांग में कमी को प्रतिबंधित नहीं करता है, को मान लिया जाय तो इससे ऐसी विसंगति और अंतर्विरोध पैदा होगा जिसमें नेट मीटरींग उपभोक्ता को विद्युत प्रदाय का वोल्टेज स्तर नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की अनुज्ञेय क्षमता के आधार पर निर्णित नहीं होने से, ऐसी परिस्थिति निर्मित होगी जहां उपभोक्ता 1000 के.व्ही.ए. क्षमता की प्रणाली का ग्रिड से 11 के.व्ही. वोल्टेज स्तर पर संयोजन किए जाने की मांग करेगा कृपया ध्यान दें कि अपीलार्थी के मन्तव्य को स्वीकार करने से विद्युत प्रदाय संहिता 2013 और नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 के प्रावधानों को निरर्थक कर देंगे।

4. नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 के विनियम 2(j) में **'पात्र–उपभोक्ता'** की दी गई परिभाषा से स्पष्ट है कि नेट मीटरींग स्व–स्वामित्व/निजी प्रकृति की व्यवस्था है। संविदा मांग में कमी कर अपीलार्थी अधिशेष सौर स्थापित क्षमता का निर्माण करना चाहता है जो इसके विनियम 7 के प्रावधानों के अन्तर्गत अनुज्ञेय नहीं किया जा सकता है और इससे सौर ऊर्जा संयंत्र की प्रकृति की आनुसंगिक से प्रधान गतिविधि में परिवर्तित हो जाएगी।

5. आवेदिका ने मुद्दा उठाया है कि फोरम ने अपने आदेश दिनांक 31.12.2019 में विवेचना/परीक्षण नहीं किया तथा अनावेदकों के मन्तव्यों को दोहराते हुए बिना आवेदिका के मन्तव्यों का परीक्षण किए प्रकरण का निपटारा किया है और पेज 26 पर निम्नानुसार कहा हैः–
''जहां तक उपभोक्ता के माह अक्टूबर 19 के विद्युत देयक के संशोधन तथा पुरानी विवादित राशि रू. 158143/– के समायोजन का प्रश्न है उसके लिए आवेदिका/उपभोक्ता अपना पक्ष/याचिका एम0प्र0 विद्युत नियामक आयोग भोपाल के समक्ष रखने के लिए स्वतंत्र है।''
उक्त संबंध में यह ध्यान देने योग्य है कि संसद ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 45, 161, 181 (2)(zd) माध्यम से राज्य आयोग को टैरिफ निर्धारण के लिए आवश्यक नियम एवं शर्तें तय करने की शक्तियां प्रदत्त की हैं तद्नुसार म0प्र0 विद्युत नियामक आयोग द्वारा टैरिफ आदेश जारी किए गए हैं। फोरम ने आवेदिका की प्रार्थना पर आवेदिका को माननीय म0प्र0 विद्युत नियामक आयोग की शरण में जाने के निर्देश दिए हैं जो वर्ष 2018–19 के टैरिफ आदेश की कण्डिका 1.24 एवं 1.28, जो निम्नानुसार उद्घृत हैं, के अनुसार उचित हैं।

*1.24. In case any dispute arises regarding interpretation of this tariff order and/or applicability of this tariff, the decision of the Commission shall be final and binding.*

*1.28. If any difficulty arises in giving effect to any of the provisions of this order, the Commission may, be general or special order, direct the Licensees to do or undertake things, which in the opinion of the Commission is necessary or expedient for the purpose of removing the difficulties.*

6. आवेदिका ने प्रार्थना की है कि TMM की गणना विद्युत की की गई खपत अर्थात् इनपुट युनिट्स पर की जाए न कि शुद्ध खपत (Net Consumption) पर जो अनावेदकों को मान्य नहीं है। नेट मीटरींग विनियम 2015 के विनियम 8(3) में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि "In such case where the electricity supplied by the Distribution licensee during any billing period exceeds the electricity generated by the eligible consumer's renewable energy system, the Distribution licensee shall raise invoice for the net electricity consumption after taking into account any electricity credit balance remaining from

previous billing periods." म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर उपभोक्ता की बिलिंग माननीय आयोग द्वारा जारी विनियम एवं टैरिफ आदेश के अनुसार कर रहा है। इस विनियम 8(3) से स्पष्ट है कि डिस्काम आवेदिका के सौर संयंत्र से उत्पादित विद्युत के लिए जारी नहीं कर सकता है। यह एक तय स्थिति है कि डिस्काम से ली गई विद्युत की खपत के लिए टैरिफ आदेश में वर्णित प्रक्रियां/प्रावधान/शर्तों एवं निबंधन के अनुसार डिस्काम बिल जारी कर सकता है। अतः आवेदिका की प्रार्थना स्वीकार नहीं की जा सकती है।

7. आवेदिका इस तथ्य को लोकपाल से छुपा रही हैं कि उन्होंने पहले ही प्रभारों के मुद्दे पर अपना प्रतिवेदन माननीय आयोग को प्रस्तुत कर दिया है। माननीय आयोग के क्र0 MPERC/RE/T.D./2020/525 दिनांक 13.03.2020 से आवेदिका का प्रतिवेदन अनावेदकों को अग्रेषित किया है। आवेदिका का प्रतिवेदन एनेक्चर – 8 के रूप में संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है।

8. टैरिफ निर्धारण और इसकी प्रक्रियां/नियम/शर्तें एवं निबंधन माननीय आयोग का विशेषाधिकार है। इस संबंध में याचिका 3402/2006 पीटीसी इंडिया विरूद्ध केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग, (2010) 4 SCC 603 का आदेश एनेक्चर – 9 के रूप में संलग्न है । इसके अनुसार ''टैरिफ'' की व्याख्या अधिनियम 2003 में नहीं की गई हैं। 'टैरिफ' शब्द की सीमा में न केवल दरों का बल्कि इससे संबंधित नियमों एवं विनियमों का निर्धारण किया जाना है। अधिनियम 2003 की धारा 61 एवं 62 के अनुसार समुचित आयोग अधिनियम के प्रावधानों का अनुसरण करते हुए शर्तो। एवं निबंधनों को विनिर्दिष्ट करते हुए वास्तविक टैरिफ का निर्धारण करेगा। धारा 62 एवं 64 से स्पष्ट है कि यद्यपि मूल्य निर्धारण की तरह टैरिफ निर्धारण की प्रकृति वैधानिक है, इसको अधिनियम की धारा – III में अपीलीय बनाया गया है। ये प्रावधान यानि धारा 61, 62 एवं 64 नियामाक आयोगों की द्वि–प्रकृति कार्यप्रणाली को इंगित करते हैं यथा निर्णय लेना तथा टैरिफ निर्धारण के लिए शर्तों एवं निबंधनों को विनिर्दिष्ट करना।

उक्त को दृष्टिगत रखते हुए आवेदिका द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना को खारिज किए जाने तथा उन्हें TMM का मामला माननीय आयोग के समक्ष उठाए जाने हेतु निर्देशित किए जाने का निवेदन है।

9. आवेदिका की सम्पूर्ण शिकायत छुपाये गए तथ्यों, बहकाने वाले तर्कों, गलत प्रस्तुतीकरण, नियमों/विनियमों/कानून के प्रति अज्ञानता पर आधारित है। आवेदिका की कोई भी प्रार्थना अनुरक्षणीय नहीं हैं। आवेदिका द्वारा लगाए गए सभी आरोपों और प्रस्तुत मन्तव्यों का

अनावेदक खण्डन करते हैं। और प्रस्तुत शिकायत में कानून की दृष्टि से कोई महत्ता नहीं होने से, प्रश्नाधीन विवादित प्रकरण आधारहीन होने तथा आवेदिका द्वारा उठाए गए मुद्दों में कोई मेरिट नहीं होने से आवेदिका द्वारा प्रस्तुत शिकायत तथा की गई प्रार्थना खारिज किए जाने का निवेदन है।

**09.** अनावेदकों के उक्त लिखित प्रस्तुतीकरण पर आवेदिका के अधिवक्ता द्वारा अनावेदक क्र. 02 के उत्तर दिनांक 25.08.2020 पर डाक से प्रेषित अपने पत्र दिनांक 04.09.2020 से तथा अनावेदक क्र. 01 के समान उत्तर पर डाक से प्रेषित अपने पत्र (अदिनांकित) से जो 08.10.2020 को प्राप्त हुआ, अपना प्रत्युत्तर डाक से प्रेषित किया। इनमें आवेदिका अधिवक्ता ने अनावेदकों के कथनों / तर्कों का विरोध करते हुए पूर्व में प्रस्तुत अपने कथनों / तर्कों को दोहराया है ।

आवेदिका के अधिवक्ता ने अनावेदक क्र. 01 के पत्र क्र. 2264 दिनांक 07.09.2020 पर डाक से प्रेषित अपने अदिनांकित लिखित प्रत्युत्तर जो 08.10.2020 को प्राप्त हुआ, में निवेदन किया कि प्रस्तुत दस्तावेजों और विभिन्न सुनवाईयों में किए गए एवं संधारित मौखिक कथनों के आधार पर प्रकरण में आदेश पारित किया जावे । इसके साथ ही अपने पत्र क्रमांक – निरंक दिनांक 04. 09.2020 जो डाक से प्राप्त हुआ, में सूचित किया कि आवेदिका द्वारा प्रकरण में अन्तिम प्रस्तुतीकरण किया जा चुका है और वे आगे कोई और सुनवाई नहीं चाहती हैं अतः अंतिम निर्णय पारित किया जाए । इसी प्रकार अनावेदकों की ओर से भी ई–मेल दिनांक 02.11.2020 से सूचित किया गया कि उनके द्वारा 25.08.2020 को डाक से प्रेषित पत्र को अंतिम प्रस्तुती मानते हुए निर्णय पारित कर दिया जाए ।

अतः प्रकरण में सुनवाई समाप्त कर प्रकरण को आदेश हेतु सुरक्षित किया गया ।

**10.** आवेदिका द्वारा प्रस्तुत अपील के अनुसार प्रकरण में निर्विवादित तथ्य निम्नानुसार है :–

1. आवेदिका का एक उच्चदाब विद्युत कनेक्शन श्री महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड़ के नाम से जबलपुर में है, जिसकी स्वीकृत संविदा मांग 11 के.व्ही. पर 120 के.वी.ए. / 108 कि.वा. है ।
2. आवेदिका ने जनवरी 2019 में केन्द्र शासन से अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता प्राप्त कर 100 कि.वा. के सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना कर इसको वितरण अनुज्ञप्तिधारी म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (संक्षेप में – वितरण अनुज्ञप्तिधारी) से नेट मीटर कनेक्शन प्राप्त किया ।
3. सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के बाद जनवरी, 2019 से जुलाई 2019 की अवधि में आवेदिका के उच्चदाब विद्युत कनेक्शन की मासिक अधिकतम मांग 92 के.वी.ए. तक ही रही । अतः आवेदिका द्वारा अपनी संविदा मांग 120 के.वी.ए. से घटाकर 100 के.वी.ए. किए जाने हेतु

वितरण अनुज्ञप्तिधारी के अनावेदक क्र. 1 के कार्यालय में दिनांक 28.08.2019 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया ।

4. आवेदिका के अनुसार अनावेदक क्र. 1 द्वारा उक्त आवेदन पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, जबलपुर (संक्षेप में – फोरम) के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की जिसे फोरम में प्रकरण क्र. 3680/2019 पर दर्ज किया गया । शिकायत में आवेदिका ने वितरण अनुज्ञप्तिधारी की ग्रिड से सकल आयातित विद्युत (Gross Electricity Imported from Grid - Gross Electricity generation from RE system injected in to the Grid) के आधार पर किए जाने को भी चुनौती दी थी ।

5. फोरम द्वारा प्रकरण में उभयपक्षों की सुनवाई कर प्राप्त तथ्यों के आधार पर दिनांक 31.12.2019 को निम्नानुसार आदेश पारित किया :–

   i) आवेदक/शिकायतकर्ता संविदा मांग को घटाने के लिए अधीक्षण अभियंता (शहर) वृत्त, जबलपुर के प्रतिवाद पत्र दिनांक 13.11.19 (प्रदर्श आर) के अनुसार सोलर प्लांट की क्षमता को घटाना सुनिश्चत करे।

   ii) प्रतिवादी क्र0 02 को निर्देशित किया जाता है कि वह इस विषय का स्पष्ट परिपत्र जारी करें।

   iii) उपभोक्ता के माह अक्टूबर–19 के विद्युत देयक के संशोधन तथा पुरानी विवादित राशि रू. 1,58,143/– के समायोजन का प्रश्न है उसके लिए आवेदिका/उपभोक्ता अपना पक्ष/याचिका म0प्र0 विद्युत नियामक आयोग, भोपाल के समक्ष रखने के लिए स्वतंत्र हैं।

   iv) प्रकरण में उभय पक्ष अपना–अपना व्यय वहन करेंगे ।

6. उक्त आदेश से क्षुब्ध होकर आवेदिका द्वारा फोरम के उक्त आदेश को निरस्त करने तथा संविदा मांग कम 100 के.व्ही.ए. किए जाने व अधिक बिल की गई राशि रू0 1,58,143/– का समायोजन किए जाने हेतु प्रश्नाधीन अपील विद्युत लोकपाल के समक्ष प्रस्तुत की गई है ।

**11.** उभयपक्षों द्वारा विवादित मामले के अलावा भी कई अन्य मुद्दे उठाए गए हैं जिनमें जहां अपीलार्थी की ओर से अनावेदक क्र. 2 के द्वारा जारी प्रकरण प्रभारी के नियुक्ति आदेश की वैधता पर वहीं अनावेदक क्र. 2 की ओर से अपीलार्थी के अधिवक्ता को पैरवी हेतु अधिकार प्राप्त नहीं होने संबंधी मुद्दा प्रमुख है। यहां यह स्पष्ट करना अत्यंत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है कि फोरम तथा विद्युत लोकपाल की स्थापना उपभोक्ता सेवाओं को सुनिश्चित किए जाने के साथ–साथ उपभोक्ता शिकायतों का समयबद्ध तथा संतोषप्रद निराकरण करने की दृष्टि से की गई है और इनकी स्थापना माननीय म.प्र. विद्युत नियामक आयोग के 'मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (उपभोक्ता की

शिकायतों के निराकरण हेतु फोरम तथा विद्युत लोकपाल की स्थापना), (पुनरीक्षण प्रथम) विनियम 2009' के अन्तर्गत की गई है। इसके विनियम 4.11 (ब) में विनिर्दिष्ट है कि विद्युत लोकपाल एक सांविधिक निकाय है जो विद्युत अधिनियम 2003 तथा विद्युत नियम 2005 के मापदण्डों के अन्तर्गत प्रचलित होता है। मामले, जो कि दाखिल किये गये अभ्यावेदन के विषय–वस्तु हैं, में विद्युत लोकपाल विद्युत लोकपाल प्रथमतः परामर्शदाता अथवा मध्यस्थ की भूमिका का निर्वहन करेगा तथा शिकायतों का निपटान करते समय उपभोक्ताओं के अभ्यावेदनों पर अधिनियम के उपबंधों, इनके अन्तर्गत बनाये गये नियमों तथा विनियमों अथवा केन्द्र/राज्य सरकार अथवा आयोग द्वारा जारी सामान्य आदेशों अथवा निर्देशों के सुसंगत विचार करेगा। इसके साथ–साथ विनियम 4.19 एवं 4.20 के प्रावधानों से यह स्पष्ट है कि विद्युत लोकपाल विशुद्ध न्यायिक निकाय न होकर एक सांविधिक निकाय है और दर्ज प्रकरणों में अपीलार्थी एवं प्रतिअपीलार्थी स्वयं या उनके द्वारा नियुक्त अधिवक्ता/प्रतिनिधि के माध्यम से विद्युत लोकपाल के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। इन प्रावधानों के प्रकाश में प्रकरण में उभयपक्षों द्वारा प्रस्तुत किए गए केवल उन तर्कों को विचारित किया गया है जो शुद्ध रूप से विवादित प्रकरण की विषय–वस्तु से ही संबंधित हैं।

**12.** उभयपक्षों द्वारा विभिन्न सुनवाईयों तथा Covid-19 के चलते डाक से प्रेषित प्रस्तुतीकरण में प्रस्तुत कथनों/तर्कों तथा साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में विवाद से संबंधित निम्न दो बिन्दु परिलक्षित होते हैं :–

**(अ) <u>संविदा मांग में वांछित कमी</u> –**

क्या आवेदिका उपभोक्ता के नेट मीटरिंग उच्चदाब कनेक्शन की संविदा मांग में उसके द्वारा स्थापित सौर संयंत्र की स्थापित क्षमता से नीचे कमी की जा सकती है ?

**(ब) <u>टैरिफ मिनिमम प्रभारों की बिलिंग</u> –**

क्या आवेदिक उपभोक्ता के नेट मीटरींग उच्चदाब कनेक्शन की बिलिंग में Guaranteed Minimum Consumption) अर्थात् टैरिफ मिनिमम (संक्षेप में– TMM) की गणना उपभोक्ता द्वारा वितरण अनुज्ञप्तिधारी की ग्रिड से सकल आयातित विद्युत की मात्रा (kwh) के आधार पर की जानी चाहिए या यह गणना ग्रिड से आयातित सकल विद्युत की मात्रा (kwh) में से उपभोक्ता के सौर संयंत्र द्वारा उत्पादित तथा अनुज्ञप्तिधारी को ग्रिड में डालकर निर्यात की गई विद्युत की मात्रा (kwh) घटाकर प्राप्त की गई शुद्ध खपत (Net Consumption) पर की जानी चाहिए।

**13.** उभयपक्षों द्वारा प्रस्तुत तर्कों एवं साक्ष्यों के आधार पर संबंधित नियमों एवं विनियमों के अनुसार प्रकरण की निम्नानुसार बिन्दुवार विवेचना की गई और इसके लिए केवल विवाद से संबंधित कथनों, तर्कों एवं साक्ष्यों को ही विवेचना में लिया गया है।

**(अ) <u>संविदा मांग में वांछित कमी</u> :—**

उभयपक्षों की ओर से अपने पक्ष में प्रस्तुत किए तर्कों में निम्न विनियम, संहिता तथा नीतियों को संदर्भित किया गया है, अतः इनके संदर्भ में प्रस्तुत तर्कों की विवेचना की गई।

i) म.प्र. विद्युत प्रदाय संहिता 2013 (संक्षेप में — संहिता)

ii) अपारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों से विद्युत के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए म.प्र. शासन की प्रोत्साहन नीति 2006 (संक्षेप में — प्रोत्साहन नीति 2006)

iii) म.प्र. विद्युत नियामक आयोग (ऊर्जा के नवीकरणीय (अक्षय) स्त्रोतों से विद्युत का सह—उत्पादन तथा उत्पादन) (पुनरीक्षण प्रथम) विनियम 2010 उत्तरवर्ती संशोधनों सहित (संक्षेप में — विद्युत का सह—उत्पादन/उत्पादन विनियम 2010)

iv) विकेन्द्रीत नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की म.प्र. शासन की नीति 2016 (संक्षेप में — विकेन्द्रीत नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली नीति 2016)

v) मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (ग्रिड संयोजित शुद्ध मापन) विनियम 2015 (संक्षेप में — नेट मीटरींग विनियम 2015)

1. आवेदिका अपीलार्थी की ओर से तर्क प्रस्तुत किया गया है कि उनके द्वारा संविदा मांग में कमी विद्युत का सह—उत्पादन/उत्पादन विनियम 2010 के विनियम 11.2 के अन्तर्गत की गई है जिसमें प्रावधानित है कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी के उपभोक्ता जो अपारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों से विद्युत प्रदाय प्राप्त कर रहे हैं, को म.प्र. शासन की प्रोत्साहन नीति 2016 के प्रावधानों के अन्तर्गत अनुमति दी जाएगी। इस विनियम के तीन उत्तरवर्ती संशोधन 2015 में जारी नेट मीटरिंग विनियम अधिसूचित किए जाने के बाद अधिसूचित किए गए हैं किन्तु माननीय आयोग द्वारा विनियम 11.2 में कोई संशोधन नहीं किया है जिसके पीछे यह मंशा स्पष्ट होती है कि नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से विद्युत के उत्पादन को बढ़ावा देने की म.प्र. शासन की प्रोत्साहन नीति 2006 की भावना के अनुरूप ही विनियम 11.2 को यथावत् रखा गया है।

   इस संबंध में अनावेदकों का तर्क है कि म.प्र. शासन की प्रोत्साहन नीति 2006 की वैधता केवल 5 वर्ष के लिए थी जो इसकी कण्डिका—39 में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है। इस प्रकार प्रोत्साहन नीति 2006, अक्टोबर 2011 में समाप्त हो चुकी है अतः इसके प्रावधान

अपीलार्थी के उच्चदाब नेट मीटरींग कनेक्शन जो जनवरी 19 में प्रदान किया गया था, पर लागू नहीं होते हैं।

2. उभयपक्षों के तर्कों की विवेचना के लिए विद्युत का सह–उत्पादन/उत्पादन विनियम 2010 की कण्डिका 11.2 तथा म.प्र. शासन की प्रोत्साहन नीति 2006 की कण्डिका–14 का अवलोकन किया गया जो निम्नानुसार उद्घृत हैं ।

**– विद्युत का सह–उत्पादन/उत्पादन विनियम 2010**

***11.2*** *वितरण अनुज्ञप्तिधारियों के ऐसे उपभोक्ता, जो ऊर्जा के अपारम्परिक स्त्रोतों से विद्युत प्रदाय का लाभ प्राप्त कर रहे हैं, की संविदा मांग में कमी को, म.प्र. शासन द्वारा दिनांक 17.10.2006 को अधिसूचित की गई म.प्र. राज्य में अपारम्परिक स्त्रोतों के माध्यम से विद्युत के उत्पादन को प्रोत्साहित किये जाने संबंधी प्रोत्साहन नीति के उपबंधों के अनुसार, अनुज्ञेय किया जाएगा।*

**– म. प्र. शासन की प्रोत्साहन नीति 2006**

***14.*** ***कांट्रेक्ट डिमाण्ड में कमी :–*** *ऐसी औद्योगिक ईकाईयां जो मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मण्डल की उपभोक्ता है यदि पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत से उत्पादन हेतु स्वंय के उपयोग के लिए ईकाई स्थापित करती है या तृतीय पार्टी के रूप में अपारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत से उत्पादित विद्युत क्रय करती है तो ऐसी ईकाईयों को कान्ट्रेक्ट डिमाण्ड में कमी की सुविधा दी जाएगी एवं यह ईकाई अपारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत से उत्पादित विद्युत का उपयोग कर सकेगी।*

***39.*** *यह प्रोत्साहन नीति 5 वर्ष के लिए होगी। विद्युत अधिनियम 2003 (2003 का सं. 36) में निहित प्रावधानानुसार यदि केन्द्र सरकार कोई राष्ट्रीय नीति जारी करती है तो तद्नुसार इस नीति को परिवर्तित किया जाएगा।*

उक्त अवलोकन से एक ओर जहां विद्युत का सह–उत्पादन/उत्पादन विनियम 2010 की कण्डिका 11.2 में प्रावधानित है कि अपारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों से विद्युत प्रदाय प्राप्त कर रहे उपभोक्ताओं की संविदा मांग में कमी की अनुमति प्रोत्साहन नीति 2006 के प्रावधानों के अनुसार दिए जाने की पुष्टि होती हैं, वहीं प्रोत्साहन नीति 2006 की कण्डिका–14 से भी संविदा मांग में कमी किए जाने की सामान्य रूप से पुष्टि होती है। किन्तु इस नीति की कण्डिका–39 से ज्ञात होता है कि इस नीति की वैधता केवल 5 वर्ष की अवधि के लिए ही थी इस प्रकार अक्टोबर 2006 में अधिसूचित यह नीति अक्टोबर 2011 में समाप्त हो चुकी है। अपीलार्थी को जनवरी 2019 में नेट मीटरींग कनेक्शन प्रदान किए जाते समय ऐसी कोई प्रोत्साहन नीति अस्तित्व में नहीं थी । अतः नीति के अस्तित्व में नहीं रहने से इसके प्रावधानों को प्रभावी किए जाने का कोई विधिक आधार प्रतीत नहीं होता है ।

यहां यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि उक्त संदर्भित विनियम एवं प्रोत्साहन नीति के प्रावधान अपारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों से विद्युत प्रदाय प्राप्त करने के आधार उपभोक्ताओं की संविदा मांग में कमी को सामान्य रूप से प्रतिपादित करता है किन्तु अनुज्ञेय की जाने वाली कमी के परिमाण संबंधी कोई प्रावधान इसमें निर्दिष्ट नहीं है। इस कण्डिका–14 के सावधानीपूर्वक अवलोकन से स्पष्ट है कि उपभोक्ता को संविदा मांग में कमी की सुविधा इस प्रकार दी जाएगी कि वह उत्पादित पूर्ण विद्युत का उपयोग कर सकें। यहां विद्युत का उपयोग उपभोक्ता की उसकी विद्युत आवश्यकता से है जो कि उसकी संविदा मांग पर आधारित है और उत्पादित विद्युत का आशय नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की क्षमता से है। इस प्रकार उत्पादित विद्युत का पूर्ण उपयोग तभी संभव है जब स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की अधिकतम उत्पादन क्षमता उपभोक्ता की स्वीकृत संविदा मांग के बराबर हो क्योंकि संविदा मांग से अधिक उत्पादन क्षमता होने पर उत्पादित विद्युत का पूर्ण उपयोग वास्तविकता में संभव ही नहीं हो सकता है।

अपीलार्थी द्वारा अपने प्रस्तुतीकरणों में संविदा मांग में कमी को मुद्दा बनाया गया है जबकि यथार्थ में यह मुद्दा सौर संयंत्र की क्षमता के सापेक्ष संविदा मांग में कमी का है। अनावेदकों द्वारा भी अपीलार्थी की संविदा मांग में कमी की मांग को अस्वीकार नहीं किया गया है वरन सौर संयंत्र की स्थापित क्षमता के साक्षेप अपीलार्थी द्वारा मांग की गई कमी की मात्रा/परिमाण के लिए असहमति व्यक्त करते हुए सौर संयंत्र की क्षमता को संविदा मांग तक सीमित रखने का विकल्प दिया है। संविदा मांग में कमी की सुविधा दिया जाना निर्विवादित रूप से विधिसंगत होकर स्वीकार योग्य है किन्तु संविदा मांग में सौर ऊर्जा संयंत्र की क्षमता के सापेक्ष एक निश्चित परिमाण तक की कमी किया जाना एक अलग एवं विशिष्ट मुद्दा है जिसको केवल उक्त विनियम एवं प्रोत्साहन नीति के संकेतात्मक प्रावधानों के दायरें में विचारित किया जाना, जबकि माननीय आयोग द्वारा जारी संबंधित नेट मीटरिंग विनियम 2015 भी अस्तित्व में होकर प्रभावशील है, उचित प्रतीत नहीं होता है। जहां तक उक्त विनियम एवं प्रोत्साहन नीति के प्रावधानों का प्रश्न है, अनावेदकों का तर्क विधि अनुसार होकर स्वीकार योग्य पाया जाता है।

3. अनावेदकों का तर्क है कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी ने आवेदिका को नेट मीटरिंग रेगुलेशन 2015 एवं अपारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों से विद्युत उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए म.प्र. राज्य की प्रोत्साहन नीति 2010 के संरेखित नेट मीटरींग कनेक्शन प्रदान किया है और यह कनेक्शन नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015, जिसमें ऊर्जा लेखांकन तथा व्यवस्थापन तथा

मीटरींग व्यवस्था विनिर्दिष्ट है, के अन्तर्गत विनियमित होता है और विकेन्द्रीकृत ऊर्जा प्रणाली के लिए म.प्र. राज्य की नीति 2016 के अधीन है। इस नीति में नेट मीटरींग कनेक्शन श्रेणी–I (Category-I) में वर्गीकृत हैं। यह नीति तथा नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 दोनों ही आवेदिका की ओर से प्रस्तुत तर्क का समर्थन नहीं करते हैं। इस नीति में व्यवस्था दी गई है कि श्रेणी–I (नेट मीटरींग प्रकरण) के अन्तर्गत नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की स्थापना परिसर के आनुषंगिक (Ancillary) होगी और यह परिसर की प्रधान गतिविधि नहीं होनी चाहिए। इस प्रावधान में विशिष्ट रूप से व्यवस्था दी गई है कि नेट मीटरींग के अन्तर्गत नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों की अधिकतम अनुज्ञेय क्षमता उपभोक्ता के संविदाकृत भार से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक स्थापित सौर संयंत्र की क्षमता के नीचे संविदा मांग में कमी कर अधिशेष (Surplus) सौर उत्पादन क्षमता निर्मित करना चाहती है जिससे इनके सौर संयंत्र की प्रकृति आनुषंगिक (Ancillary) से प्रधान गतिविधि (Primary Activity) में परिवर्तित हो जाएगी।

आवेदिका की ओर से अनावेदकों के उक्त तर्क पर कथन किया गया है कि उक्त नीति के दिनांक 04.11.2017 को अधिसूचित संशोधन में निम्न प्रावधान किया गया है और चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई संविदा मांग में कमी इसका पालन करती है अतः चाही गई कमी को अनुमति देने में कोई प्रतिबंध नहीं है।

"The proposed capacity of renewable energy system shall align with the provision of Electricity Supply Code, 2013"

आवेदिका के अनुसार कमी किए जाने के पश्चात भी उनकी संविदा मांग संहिता के विनियत 3.4 के अनुरूप रहेगी।

विकेन्द्रीत ऊर्जा प्रणाली की नीति 2016 की कण्डिका 2(m) के अवलोकन से जहां अनावेदकों के तर्क की पुष्टि होती है वहीं संहिता 2015 के विनियम 3.4 के अलवोकन से ज्ञात होता है कि इसमें विभिन्न संविदा मांगों के लिए लागू वोल्टेज स्तर का निर्धारण किया गया है।

4. आवेदिका की ओर से नेट मीटरींग विनियम 2015 के प्रावधानों के आधार पर तर्क प्रस्तुत किए गए हैं कि इसके विनियम 2(j) में दी गई **'पात्र उपभोक्ता'** की परिभाषा से स्पष्ट है कि नेट मीटरींग एक निजी/स्व उपयोगी (Captive) प्रकृति की व्यवस्था है और अपीलार्थी आवेदिका संविदा मांग में इच्छित कमी कर सौर संयंत्र की अधिशेष क्षमता निर्मित करना चाहता है जो कि विनियम 7 के अनुसार अनुज्ञेय नहीं है। वहीं सौर ऊर्जा

संयंत्र की स्थापित क्षमता के नीचे संविदा मांग में कमी इस संयंत्र की प्रकृति को अनुसांगिक से प्रधान गतिविधि में परिवर्तित कर देगी, जो विनियम 2(j) के प्रतिकूल होगी।

वर्तमान स्थिति में अपीलार्थी उपभोक्ता अपनी पूर्ण विद्युत आवश्यकता स्वीकृत संविदा भार (108 कि.वा.) के एक अंश (100 कि.वा.) का समायोजन सौर ऊर्जा से कर रहे हैं, किन्तु संविदा मांग में वांछित कमी पश्चात् आवेदिका की सकल विद्युत आवश्यकता संशोधित संविदा मांग के अनुसार 90 कि.वा. ही रह जाऐगी। इससे अनावेदकों के तर्क की पुष्टि होती है कि संविदा मांग में वांछित कमी पश्चात् आवेदिका उपभोक्ता की सकल विद्युत आवश्यकता के पूर्ण समायोजन पश्चात् 10 कि.वा. की अधिशेष सौर क्षमता निर्मित होगी जो विनियम 2(j) और विनियम 7 के प्रावधानों के प्रतिकूल होगी।

इस संबंध में नेट मीटरींग विनियम 2015 के विनियम 2(j) का अवलोकन किया गया, जो निम्नानुसार उद्घृत हैं :–

**"2(j) - "Eligible Consumer"** means a consumer of electricity in the area of supply of the Distribution Licensee, who uses a renewable energy system installed in the consumer's premises to offset part or all of the consumer's own electrical requirements, given that such systems can be self-owned or third party owned; "

उक्त अवलोकन से ज्ञात होता है कि इस विनियम के अन्तर्गत वितरण अनुज्ञप्तिधारी के विद्युत प्रदाय क्षैत्र में विद्युत उपभोक्ता केवल अपनी स्वयं की पूर्ण या आंशिक विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति के समायोजन हेतु एक नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की स्थापना करने पर ही अनुज्ञप्तिधारी की ग्रिड से अन्तर्संयोजन हेतु पात्र हो सकता है। यहां 'विद्युत आवश्यकता' से तात्पर्य उसके परिसर के प्रयोजन के लिए विद्युत खपत से है और इस आवश्यकता के परिमाण/मात्रा की पुष्टि विशिष्ट रूप से उपभोक्ता के संविदाकृत भार अर्थात् संविदा मांग जिसकी पूर्ति के लिए उसके द्वारा अनुज्ञप्तिधारी से विद्युत कनेक्शन प्राप्त किया गया है, से ही हो सकती है। इससे स्पष्ट है कि उपभोक्ता अपनी स्वयं की विद्युत आवश्यकता की पूर्ति हेतु नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की स्थापना कर सकता है जिसकी क्षमता अधिकतम संविदाकृत भार/संविदा मांग के बराबर, जब वो अपनी पूर्ण विद्युत आवश्यकता का समायोजन चाहता हो, या उसके नीचे जब वह अपने संविदाकृत भार का आंशिक समायोजन चाहता हो। विनियम से स्पष्ट है कि उपभोक्ता अधिकतम अपनी पूर्ण विद्युत आवश्यकता अर्थात् संविदाकृत भार के समायोजन के लिए ही

नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की स्थापना कर सकता है। अतः इस समायोजन के लिए संविदाकृत भार से अधिक क्षमता की ऊर्जा प्रणाली की स्थापना का प्रश्न ही नही उठता है क्योंकि अधिक क्षमता की ऊर्जा प्रणाली की स्थापना उपभोक्ता की पूर्ण विद्युत आवश्यकता के Over Compensation के रूप में परिलक्षित होगी जो विनियम 2(j) के प्रावधान के प्रतिकुल होकर विधिसंगत नहीं होगी।

5. आवेदिका का तर्क है कि विनियम 6 सामान्य रूप से बताता है कि किसी परिसर में स्थापित किए जाने वाली नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली का अनुज्ञप्तिधारी की ग्रिड से अन्तर्संयोजन के लिए इसमें निर्दिष्ट दो शर्तों का पालन करना चाहिए जिसका अपीलार्थी पालन कर रहे हैं। नेट मीटरींग विनियम 2015 के विनियम 6– **'Eligible Consumer and Individual Project Capacity'** के अनुसार सौर संयंत्र की स्थापित क्षमता, उपभोक्ता संयोजनों को अनुमति देने के संहिता के प्रावधानों से संरेखित है और कमी पश्चात् भी संविदा मांग संहिता के विनियम 3.4 के अनुरूप होगी, अतः विनियम 6 संविदा मांग में कमी को प्रतिबंधित नहीं करता है। इस विनियम में प्रावधानित है कि स्थापित क्षमता उच्चदाब संयोजनों की अनुमति प्रदान करने हेतु म.प्र. विद्युत प्रदाय संहिता 2013 के उपबंधों के साथ संरेखित किया जाना है तथा उत्पादित विद्युत को तृतीय पक्ष को विक्रय नहीं किया जाएगा। इसमें ये उल्लेख नहीं है कि सोलर प्लांट की क्षमता आवेदक की संविदाकृत मांग से कम होनी चाहिए। उनके द्वारा सौर संयंत्र की स्थापना स्वयं के उपयोग के लिए की गई है और वह उत्पादित विद्युत को किसी तृतीय पक्ष को विक्रय में संलग्न नहीं है ना ही वह ऐसा कोई इरादा रखती हैं।

अनावेदकों की ओर से केवल विनियम 6 को अपने लिखित कथनों में उद्घृत किया गया है किन्तु इस पर कोई टिप्पणी नहीं दी है तथापि अपीलार्थी के तर्क की विवेचना के लिए विनियम 6 जो निम्नानुसार उद्धृत है, का अवलोकन किया गया।

> **"6. 'Eligible Consumer and individual project capacity:-** The capacity of Renewable Energy System to be installed at any premises shall be subject to the following conditions:-
>
> (i) The installed capacity shall be aligned with the provisions of the Madhya Pradesh Electricity Supply Code, 2013, for permitting consumer connections.
>
> (ii) Third party sale shall not be allowed. **"**

चूंकि किसी भी पक्ष द्वारा उपभोक्ता संयोजन की अनुमति दिए जाने संबंधी संहिता के किसी विशेष प्रावधान का उल्लेख अपने कथन/तर्क में नहीं किया है, अतः उक्त विनियम 6 के आधार पर नीतिगत विवेचना की गई। इस विनियम के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि संहिता के जिन प्रावधानों के अन्तर्गत उपभोक्ता संयोजन को अनुमति दी जाती है वही प्रावधान नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की क्षमता निर्धारण के लिए लागू होंगे और इस स्थिति में किसी उपभोक्ता विशेष को संहिता के प्रावधान अनुसार एक निश्चित संविदाकृत भार के लिए विद्युत कनेक्शन दिया गया है तब उन्हीं प्रावधानों के अन्तर्गत स्थापित की जाने वाली नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की अधिकतम क्षमता भी संयोजन के स्वीकृत संविदाकृत भार अर्थात् संविदा मांग के बराबर ही हो सकती है। इस विवेचना के आधार पर आवेदिका की ओर से प्रस्तुत तर्क स्वीकार योग्य नहीं पाया जाता है।

6. आवेदिका का कथन है कि अनावेदकों ने फोरम के समक्ष नेट मीटरींग विनियम 2015 के विनियम **'7. Interconnection with the Grid'** के प्रावधानों को आधार बनाया था किन्तु उनके द्वारा इस धारा की गलत अवधारणा प्रतिपादित की गई है इस धारा में स्पष्ट उल्लेख है कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी के तंत्र से किसी विशिष्ट क्षमता के नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली का अंतर संयोजन, संविदाकृत भार ''और/या'' उपभोक्ता को लागू उसके तत्संबंधी वोल्टेज स्तर पर मध्यप्रदशे विद्युत प्रदाय संहिता 2013 के उपबंधो के अनुसार किया जावेगा। इस धारा में संविदाकृत भार और प्रदाय वोल्टेज स्तर के मध्य प्रयुक्त ''और/या'' किसी भी प्रकार से सोलर प्लांट की स्थापित क्षमता से नीचे संविदाकृत मांग में वांछित कमी उपरांत सोलर प्लांट का ग्रिड से अंतर संयोजन प्रतिबंधित नहीं करता है। अर्थात संविदाकृत भार **''और/या''** तथा ''उपभोक्ता को लागू उसके तत्संबंधित वोल्टेज स्तर'' में से कोई भी शर्त का पालन होने पर उपभोक्ता के सोलर प्लांट का अनुज्ञप्तिधारी के तंत्र से अन्तर्संयोजन किया जाना वैधानिक रूप से बाध्यकारी है।

आवेदक संस्था के प्रकरण में इन दोनों शर्तों में से बाद की शर्त का आवेदक संस्था मध्यप्रदेश विद्युत प्रदाय संहित 2013 के उपबंधो के अधीन पालन करती है। मध्यप्रदेश विद्युत प्रदाय संहिता 2013 की धारा 3.4 में प्रावधानित ह कि 11 के.व्ही. पर नवीन संयोजन कि संविदाकृत मांग 50 से 300 के.व्ही.ए. के मध्य होगी। आवेदित वांछित कमी पश्चात आवेदिका संस्था की संविदाकृत मांग 11 के.व्ही. पर 100 के.व्ही.ए. होगी जो मध्यप्रदेश विद्युत प्रदाय संहिता की धारा 3.4 के अनुरूप होकर उसका पालन करती है।

अनावेदक द्वारा इस संबंध में उठाई गई इस आपत्ति का कि सोलर प्लांट की स्थापित क्षमता के नीचे कमी संमांग में कमी रेग्युलेशन की धारा 7 के प्रावधान के अंतर्गत स्वीकृत नहीं की जा सकती का कोई विधिक आधार नहीं है।

'और/या' की समुचित व्याख्या के लिए आवेदिका की ओर से माननीय सर्वोच्च न्यायालय के तीन आदेशों की प्रतियां तथा माननीय न्यायाधीश जी.पी. सिंह की पुस्तक – 'Principle of Staturary Interpretations' के संबंधित अंश दृष्टांत स्वरूप प्रस्तुत हैं। आवेदिका संस्था के प्रकरण में इन दोनों शर्त में से बाद की शर्त 'उपभोक्ता को लागू उसके तत्संबंधी वोल्टेज स्तर' का संहिता के उपबंधों के अधीन पालन करती है। इस विनियम 7 में प्रयुक्त शब्द 'And/or' का स्पष्ट अर्थ निम्नानुसार होगा –

A. "Until such time, the interconnection of the renewable energy system of a capacity with the network of the distribution system shall be made on the contracted load and respective voltage level applicable to the consumer as per the provisions of Electricity Supply Code 2013."
B. "Until such time, the interconnection of the renewable energy sytem of a capacity with the network of the distribution system shall be made on the contracted load or respective voltage level applicable to the consumer as per the provision of Electricity Supply Code 2013."

यदि माननीय आयोग की मंशा दोनो शर्त यथा 'संविदाकृत भार' तथा 'उपभोक्ता को लागू तत्संबंधी वोल्टेज स्तर' के अनिवार्य पालन की होती तो विनियम में 'And' के स्थान पर 'And/Or' लिखने की आवश्यकता नहीं होती। वैसे भी विनियम 7 का दूसरा भाग का जो "Until such time" (तब तक) से शुरू होता है अर्थात् केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली का वितरण अनुज्ञप्तिधारी के तन्त्र (Network) से अन्तर्संयोजन हेतु तकनीकी मापदंड का विनियम जारी लिए जाने तक, कोई महत्व नहीं है क्योंकि केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा CEA (Technical Standards for connectivity of the Districuted Generation Resources) Regulations, 2019 दिनांक 06.02.2019 को अधिसूचित किया जा चुका है जिसमें संविदा मांग तथा नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की स्थापित क्षमता के मध्य कोई संबंध प्रतिपादित नहीं किया गया है। इस प्रकार विनियम 7 आवेदिका की संविदा मांग में कमी को प्रतिबंधित नहीं करता है।

अनावेदकों की ओर से आवेदिका का विरोध करते हुए तर्क प्रस्तुत किया गया कि अपीलार्थी विनियम 7 का गलत अर्थ लगा रही हैं।

आवेदिका के इस तर्क का कि CEA द्वारा अधिसूचित CEA (Technical Standards for Connectivity of the Districuted Generation Resources) Regulation 2019 में उपभोक्ता की संविदा मांग और नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की स्थापित क्षमता में कोई स्पष्ट संबंध नहीं दर्शाया गया है अतः विनियम 7 का दूसरा भाग महत्वहीन है, के संबंध में अनावेदकों का तर्क है कि नेट मीटरिंग रेगुलेशन 2015 के विनियम 6 तथा 2(o) एवं 2(q) में 'नेट मीटरींग' तथा 'परिसर' की दी गई परिभाषा अनुज्ञप्तिधारी को विवश करती है कि कनेक्शन संविदा मांग के बराबर या उससे नीचे के लिए नेट मीटरींग प्रदान किया जावे। चूंकि CEA के विनियम में उक्त संबंध निर्दिष्ट नहीं करने हैं इसलिए विनियम 7 का दूसरा भाग i.e. 'Until such time ……….' अभी भी प्रभावशील है। CEA विनियम में स्पष्ट प्रावधान नहीं होने से नीवनकरणीय ऊर्जा प्रणाली की अनुज्ञेय क्षमता के निर्धारण के लिए विनियम एक हल प्रदान करता है। राज्य के तीनों वितरण अनुज्ञप्तिधारी CEA के विनियम में विनिर्दिष्ट तकनीकी मापदण्डों के आधार पर नीवकरणीय ऊर्जा प्रणाली ग्रिड से अन्तर्संयोजन की अनुमति दे रहे हैं किन्तु इस प्रणाली की अनुज्ञेय क्षमता के लिए वे विनियम 7 का अनुसरण करते हुए प्रणाली की क्षमता संविदाकृत भार तक नियंत्रित कर रहे हैं। चूंकि उपभोक्ताओं द्वारा विनियम 7 की अपनी सुविधानुसार व्याख्या की जा रही है अतः नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों की अनुज्ञेय क्षमता पर उचित स्पष्टीकरण का मुद्दा प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, नीवन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की ओर से माननीय आयोग में दायर याचिका क्र. 42/2019 में माननीय आयोग के समक्ष उठाया गया है। चूंकि यह मुद्दा माननीय आयोग के समक्ष विचाराधीन है, अतः मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के 'मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (उपभोक्ता की शिकायतों के निराकरण हेतु फोरम तथा विद्युत लोकपाल की स्थापना), (पुनरीक्षण प्रथम) विनियम 2009' विनियम 2009 के विनियम 4.11 जिसमें उन मुद्दों पर जो माननीय आयोग के समक्ष विचाराधीन या प्रस्तावित हों उन्हें लोकपाल द्वारा स्वीकार नहीं किया जाना प्रावधानित है, का अवलोकन किया जावें।

अनावेदकों के माननीय आयोग के समक्ष मुद्दा उठाने के आधार पर संविदा मांग में कमी के आवेदिका के प्रकरण को लोकपाल के क्षैत्राधिकार के बाहर बनाए जाने के संबंध में आवेदिका की ओर से तर्क प्रस्तुत किया गया है कि चूँकि माननीय आयोग द्वारा सुनवाई के बाद जो भी पुनरीक्षण/संशोधन किया जावेगा वह विधि अनुसार आदेश दिनांक के

बाद के समय के लिए लागू होगा, अतः फोरम/विद्युत लोकपाल की स्थापना विनियम 2009 का विनियम 4.11 कोई वैधानिक बाधा उत्पन्न नहीं करता है।

उभयपक्षों की ओर से प्रस्तुत तर्कों की विवेचना के लिए नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 के विनियम 7, जो निम्नानुसार उद्द्यृत है, का सुक्ष्मता एवं सावधानीपूर्वक अवलोकन किया गया :–

**"7. Interconnection with the Grid**

The interconnection of the renewable energy system with the network of the Distribution licensee shall be made as per the technical standards for connectivity of distributed generated resources Regulations to be notified by the Central Electricity Authority. Until such time, the interconnection of the renewable energy system of a particular capacity, with the network of the Distribution licensee, shall be made on the contracted load and/or respective voltage level applicable to the consumer as per the provisions of Madhya Pradesh Electricity Supply Code, 2013. All the cost related to augmentation shall be borne by the consumer. Provided that the system fulfils the technical requirements for grid interconnection with the network of the distribution licensee."

उक्त विनियम के अवलोकन से ज्ञात होता है कि Interconnection (अन्तर्संयोजन) के दो मुख्य कारक हैं – पहला **'संविदाकृत भार'** और दूसरा **'उपभोक्ता को लागू उसका तत्संबंधी वोल्टेज स्तर'**। विनियम के अनुसार कोई उपभोक्ता नेट मीटरींग व्यवस्था के अन्तर्गत अपनी पूर्ण विद्युत आवश्यकता अर्थात् संविदाकृत भार के बराबर या उसके अंश के समायोजन के लिए नवीकरणीय प्रणाली की स्थापना कर सकता है। यहां पर नोट करना बहुत महत्वपूर्ण है कि इस विनियमों में नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की स्थापना उपभोक्ता की स्वयं की विद्युत आवश्यकता के समायोजन के लिए अनुज्ञेय की गई है और उपभोक्ता इस प्रणाली से अपनी पूर्ण विद्युत आवश्यकता का समायोजन भी कर सकता है। अब चूंकि उपभोक्ता की पूर्ण विद्युत आवश्यकता उसके स्वीकृत संविदाकृत भार/संविदा मांग से परिलक्षित होती है अतः अपनी पूर्ण विद्युत आवश्यकता (पूर्ण संविदा मांग के बराबर) के समायोजन के लिए स्थापित की जाने वाली प्रणाली क्षमता भी संविदा मांग के बराबर ही हो सकती है, इससे अधिक नहीं। अब यदि उपभोक्ता द्वारा अपनी संविदाकृत भार के किसी अंश के समायोजन के लिए ऐसी प्रणाली की स्थापना की है तो निश्चित रूप से उसकी क्षमता संविदाकृत भार से कम होगी और ऐसी स्थिति में संविदाकृत भार पर प्रणाली का वितरण अनुज्ञप्तिधारी की ग्रिड से अन्तर्संयोजन संभव नहीं

हो सकता है। वहीं दूसरी ओर विद्युत प्रदाय संहिता 2013 के प्रावधानों के अनुसार संबधित उपभोक्ता जिस वोल्टेज स्तर पर वितरण अनुज्ञप्तिधारी से विद्युत प्रदाय प्राप्त कर रहा है उस वोल्टेज स्तर के अलावा अन्य वोल्टेज स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली का अन्तर्संयोजन नहीं किया जा सकता है।

इसके आधार पर आवेदिका का यह तर्क कि दोनों शर्तों अर्थात् **'संविदाकृत भार'** एवं **'लागू वोल्टेज स्तर'** में से किसी भी एक शर्त का पालन होने से उपभोक्ता अपनी प्रणाली का वितरण अनुज्ञप्तिधारी की ग्रिड से अर्न्तसंयोजन के लिए पात्र हो जाता है विधिसंगत प्रतीत नहीं होता है।

7. आवेदिका का आगे तर्क कि विद्युत प्रदाय संहिता के प्रावधानानुसार उनके उच्चदाब नेटमीटरींग कनेक्शन के वोल्टेज स्तर के लिए वह इस वोल्टेज स्तर पर संहिता के अनुसार अधिकतम अनुज्ञेय संविदाकृत भार 300 के.व्ही.ए./270 कि.वा. के बराबर क्षमता सौर संयंत्र की स्थापना कर सकता है चाहे उसका संविदाकृत भार संहिता में प्रावधानित अनुज्ञेय सीमा के अन्दर कितना भी क्यों ना हो। आवेदिका का यह तर्क भी नेट मीटरींग विनियम, 2015 के विनियम 2(j) तथा विनियम 6 की पूर्व में की गई विवेचना के आधार पर सुसंगत नहीं पाया जाता है।

वहीं दूसरी ओर अनावेदकों की ओर से प्रस्तुत तर्क की नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली का वितरण अनुज्ञप्तिधारी की ग्रिड से अन्तर्संयोजन के लिए विनियम 7 में उल्लेखित दोनों शर्तों अर्थात् 'संविदाकृत भार' एवं 'लागू वोल्टेज स्तर' का पालन होना अनिवार्य है भी स्वीकार योग्य नहीं पाया जाता है क्योंकि यदि उपभोक्ता द्वारा अपने संविदाकृत भार के मात्र एक अंश के समायोजन के लिए उक्त प्रणाली की स्थापना की है तो प्रणाली की क्षमता संविदाकृत भार से कम होगी और इस परिस्थिति में संविदाकृत भार पर ग्रिड से अर्न्तसंयोजन संभव नहीं होगा। इससे यह तात्पर्य निकलता है कि नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की क्षमता संविदाकृत भार के बराबर होने पर अर्थात् जब नेट मीटर्ड उपभोक्ता अपनी विद्युत आवश्यकता का पूर्ण समायोजन नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली से करता है तब इस प्रणाली का अनुज्ञप्तिधारी की ग्रिड से अन्तर्संयोजन संविदाकृत भार अर्थात् संविदा मांग पर तथा तत्संबंधी लागू वोल्टेज स्तर पर होगा। किन्तु अपनी विद्युत आवश्यकता का आंशिक समायोजन नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली से करने पर इस प्रणाली का अनुज्ञप्तिधारी की ग्रिड से अन्तर्संयोजन संविदाकृत भार अर्थात् संविदा मांग पर संभव नहीं हो सकेगा और इस स्थिति में अन्तर्संयोजन तत्संबंधी लागू वोल्टेज स्तर पर होगा।

अतः नेट मीटरींग विनियम 2015 के विनियम 2(j) एवं 6 के प्रकाश में विनियम 7 के उक्तानुसार सुक्ष्मतापूर्वक एवं सावधानीपूर्वक किए गए अवलोकन से इस विनियम 7 के दूसरे भाग जो 'Until such time ….' से शुरू होता है कि समुचित व्याख्या, नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 की मूल भावना के अनुरूप, निम्नानुसार होगी :–

"……….Until such time, the interconnection of the renewable energy system of a particular capacity with the network of the Distribution Licensee, shall be made on the contracted load **AND** respective voltage level applicable to the consumer as per the provision of the M.P Electricity Supply Code 2013 where the capacity of RE system in equal to the contracted load of the consumer **OR** on the respective voltage level applicable to the consumer as per the provision of the M.P. Electricity Supply Code 2013 where intalled capacity of RE system is less then the contracted load of the consumer."

आवेदिका का तर्क यदि मान्य किया जाए तो कोई भी उपभोक्ता लागू वोल्टेज स्तर की शर्त का पालन करते हुए अपने संविदाकृत भार से कहीं अधिक क्षमता की प्रणाली की स्थापना कर सकेगा और अपनी पूर्ण विद्युत आवश्यकता के समायोजन के बाद भी अधिशेष विद्युत उत्पादन क्षमता निर्मित करेगा जो कि विनियम 2(j) के प्रावधानों के प्रतिकूल होने से स्वीकार योग्य नहीं हैं। इसके अलावा, उपभोक्ता संविदाकृत भार की शर्त का पालन करते हुए उसको तत्संबंधी लागू वोल्टेज स्तर से इतर वोल्टेज स्तर पर ग्रिड से अर्न्तसंयोजन की मांग करेगा जो विनियम 7 से संरेखित नहीं होने से मान्य नहीं है। नेट मीटरींग विनियम 2015 के संबंधित विनियमों के प्रावधान अपीलार्थी के तर्क से सहमति का समर्थन नहीं करते हैं।

जहां तक CEA द्वारा अधिसूचित Central Electricity Authority (Technical Standards for connectivity of the Distributed Generating Resources) Regulations, 2019 के संबंध में अपीलार्थी की ओर से प्रस्तुत तर्क का प्रश्न है, अपीलार्थी ने स्वयं स्वीकार किया है कि इसमें संविदाकृत भार तथा नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की क्षमता के मध्य कोई स्पष्ट संबंध नहीं दर्शाया गया है। ऐसी स्थिति में अनावेदकों का यह तर्क कि चूंकि CEA द्वारा अधिसूचित विनियम में संविदाकृत भार तथा नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की क्षमता के मध्य कोई स्पष्ट संबंध निरूपित नहीं किया गया है इसलिए इन प्रणाली की अनुज्ञेय क्षमता के निर्धारण के लिए नेट मीटरींग विनियम 2015 के विनियम 7 का दूसरा भाग 'Until such time …….' एक हल प्रदान करता है और राज्य के तीनों वितरण अनुज्ञप्तिधारी CEA के विनियम में विनिर्दिष्ट तकनीकी मापदण्डों के आधार पर

नीवकरणीय ऊर्जा प्रणाली ग्रिड से अन्तर्संयोजन की अनुमति दे रहे हैं किन्तु इस प्रणाली की अनुज्ञेय क्षमता के लिए वे विनियम 7 का अनुसरण करते हुए प्रणाली की क्षमता संविदाकृत भार तक सीमित कर रहे हैं, उचित प्रतीत होता है।

8. अनावेदकों ने कथन किया है कि उनके द्वारा माननीय आयोग के समक्ष विचाराधीन याचिका क्र0 42/2019 में तीनों वितरण अनुज्ञप्तिधारियों की ओर से प्रस्तुत संयुक्त उत्तर में भी माननीय आयोग के समक्ष नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की क्षमता के निर्धारण के लिए अपनाई जा रही इस प्रक्रिया की जानकारी प्रस्तुत कर माननीय आयोग से इस संबंध में समुचित स्पष्टीकरण दिए जाने का अनुरोध किया गया है। चूंकि यह मुद्दा याचिकाकर्ता द्वारा अपनी याचिका में नहीं उठाया गया है और वितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा परिस्थितिजन्य कारणों से माननीय आयोग के समक्ष यह एक अनुरोध के रूप में प्रस्तुत किया गया है, इसलिए यह 'मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (उपभोक्ता की शिकायतों के निराकरण हेतु फोरम तथा विद्युत लोकपाल की स्थापना), विनियम 2009' के विनियम 4.11(a) के अन्तर्गत विद्युत लोकपाल को अपीलार्थी का अभ्यावेदन ग्राह्य कर सुनवाई किए जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाता है।

**(ब) <u>टैरिफ मिनिमम प्रभारों की बिलिंग</u> :–**

1. आवेदिका की ओर से अनावेदकों द्वारा टैरिफ मिनिमम युनिट्स (TMM) की गणना के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का विरोध किया गया है । उनका कथन है कि जनवरी 2019 में सौर संयंत्र की स्थापना के बाद आयातित युनिट्स (Import Units) में से निर्यातित युनिट्स (प्उचवतज न्दपजे) घटाकर नेट युनिट्स के आधार पर TMM युनिट्स निकाले जा रहे हैं जो अनुचित है और नेट मीटरींग विनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। इस विनियम के विनियम 8(3), 8(5) और 8(6) में ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया है कि ग्रिड खपत से अपीलार्थी के सौर संयंत्र से उत्पादित अधिशेष मात्रा के निर्यात किए गए युनिट्स (kwh) घटाएं। अपने दिनांक 20.05.20 (02.06.20) के पत्र में उन्होंने लिखित कथन किया है कि विनियम 8(3) में कहीं भी उन उच्चदाब उपभोक्ताओं के टैरिफ मिनिमम बिलिंग की गणना के बारे में कोई प्रावधान नहीं है जिन्होंने अपने परिसर में स्वयं के उपयोग के लिए सौर संयंत्र की स्थापना की है। इस विनियम के प्रावधान अनावेदकों को इसकी इजाजत नहीं देते हैं कि वे आवेदिका के कनेक्शन की, जब सौर

संयंत्र की स्थापना नहीं की गई थी, टैरिफ मिनिमम की गणना को बदल दें जो कि आवेदिका के लिए नुकसानदेह हो।

2. आवेदिका की ओर से तर्क प्रस्तुत किया गया है कि टैरिफ आदेश की गारंटीड वार्षिक विद्युत खपत संबंधी कण्डिका ग्रिड से लिए गए इनपुट युनिट्स पर लागू होती है और आवेदिका की विद्युत खपत की परिधि में आती है। अनावेदकों की बिलिंग की उक्त प्रक्रियां से जनवरी 2019 से दिसम्बर 2019 की अवधि में 40131 युनिट्स जिसकी राशि 2.65 लाख रूपए होती है की अतिरिक्त बिलिंग की गई है।

3. अनावेदक नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 के विनियम 5 का सहारा लेकर नेट युनिट्स के आधार पर TMM की गणना कर रहे हैं जो अनुचित है क्योंकि एक्सपोर्ट किए गए युनिट्स सौर संयंत्र से उत्पादित विद्युत के अधिशेष युनिट्स हैं जो कि वास्तव में अनावेदकों को विक्रय किए गए हैं। इनको समायोजित करने से ग्रिड से की गई वास्तविक विद्युत खपत कम हो जाती है जो अनुचित TMM बिलिंग के रूप में अधिरोपित होती है। आवेदिका का निवेदन है कि आदेश में TMM की गणना इनपुट युनिट्स जो उपभोक्ता द्वारा ग्रिड से लिए और खपत किए गए हैं, के आधार पर किए जाने का स्पष्ट उल्लेख किया जावे।

4. अनावेदकों की ओर से कथन किया गया है कि नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 के विनियम 8(6) के प्रावधानानुसार उपभोक्ता टैरिफ के अलावा वितरण अनुज्ञप्तिधारी किसी अन्य प्रभार के लिए जो आयोग द्वारा अनुज्ञेय किए गए हों तथा शासन द्वारा अधिरोपित टेक्स/ड्यूटी/सेस के लिए बिल जारी करने के लिए अधिकृत होगा। न्युनतम टैरिफ प्रभार की मांग माननीय आयोग द्वारा जारी खुदरा विद्युत प्रदाय टैरिफ आदेश के अनुसार की गई है। उनके द्वारा Madhya Pradesh Electricity Regulatory Commission (Terms and Conditions for Determination of Tariff for Supply and Wheeling of Electricity and Methods and Principles for Fixation of Charges) Regulations, 2015 (संक्षेप में टैरिफ निर्धारण विनियम 2015) के विनियम 39 को उद्धृत किया गया है जो निम्नानुसार है :–

"Income from all charges determined by the Commission for Distribution and supply of electricity shall be considered as Tariff income. Tariff income shall include fixed charges, energy charges, minimum charges and other charges as may be specified by the Commission for different Consumer categories".

उनकी ओर से टैरिफ निर्धारण विनियम 2015 के विनियम 42.1 के हवाले से कथन किया गया है कि टैरिफ विनियम चार्जेस का उद्देश्य डिस्काम की स्थाई लागत की गारंटी के साथ वसूली है और यह उपभोक्ता श्रेणी के अनुसार संविदा मांग के प्रति के.व्ही.ए. के लिए निर्धारित युनिट्स की मात्रा के आधार पर माननीय आयोग द्वारा जारी टैरिफ आदेश के अनुसार बिल किए जावेंगे चाहे वर्ष के दौरान कोई विद्युत खपत की गई हो या न की गई हो TMM चार्ज टैरिफ का एक भाग है और स्थाई लागत के रूप में वसूला जाता है।

5. अनावेदकों की ओर से नेट मीटरींग विनियम 2015 के विनियम 8 का हवाला देते हुए कथन किया गया है कि विनियम 8 नेट मीटरींग संयोजनों की बिलिंग निर्दिष्ट करता है और इसके विनियम 8(3) में स्पष्ट रूप से प्रावधानित है कि ऐसे प्रकरणों में जहां किसी माह में विद्युत अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रदाय की गई विद्युत की मात्रा पात्र उपभोक्ता के नवकरणीय ऊर्जा प्रणाली द्वारा उत्पादित विद्युत की मात्रा से अधिक हो, पूर्व बिलिंग अवधियों के बकाया मसमबजतपबपजल बतमकपज इंसंदबम को हिसाब में लेने के बाद नेट विद्युत खपत के लिए बिल जारी  करेगा। इससे स्पष्ट है कि आवेदिका के सौर संयंत्र से उत्पादित के लिए डिस्काम बिल जारी नहीं कर सकता है और ऐसे सौर युनिट्स को उपभोक्ता द्वारा ग्रिड से सकल आयातित युनिट्स में से घटाना/समायोजित करना आवश्यक है।

6. आवेदिका के तर्क कि सौर संयंत्र की स्थापना के बाद उनके संयोजन पर अतिरिक्त TMM बिलिंग की गई है, जिससे उन्हें वित्तीय कठिनाई हुई है, के संबंध में अनावेदकों की ओर से अप्रैल 2019 से जनवरी 2020 की अवधि की गणना प्रस्तुत की गई जिसके अनुसार इस अवधि में सौर उत्पादन से आवेदिका को लगभग 2,43,314/— रू. का लाभ नेट मीटरींग संयोजन के अंतर्गत प्राप्त हुआ है।

7. उभयपक्षों द्वारा अपने अपने पक्ष में किए गए कथनों/तर्कों की विवेचना में सर्वप्रथम नेट मीटरींग विनियम के विनियम 8 का अवलोकन किया गया जिसको इस आदेश के पूर्व पैरा 4(ब)(21) में उद्धृत किया गया है। इसके विनियम 8(9) और 8(6) से अनावेदकों के कथन की पुष्टि होती है। विनियम 8(3) में स्पष्ट रूप से प्रावधानित है कि उन प्रकरणों में जहां वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रदाय की गई विद्युत की मात्रा पात्र उपभोक्ता के नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली से उत्पादित विद्युत की मात्रा से अधिक हो, तब वितरण अनुज्ञप्तिधारी शुद्ध विद्युत खपत (Net Electricity Consumption) के लिए बिल जारी

करेगा। अब चूंकि शुद्ध विद्युत खपत के लिए बिल जारी किया जा रहा है तो निःसंदेह इस शुद्ध खपत पर ही टैरिफ आदेश के TMM बिलिंग के प्रावधान लागू होंगे ना कि ग्रिड से सकल आयातित युनिट्स (Gross Imported Units from Grid) पर। यदि आवेदिका का तर्क मान्य किया जावे तो उस स्थिति में जब सौर संयंत्र से उत्पादित विद्युत की मात्रा ग्रिड से ली गई विद्युत की मात्रा के बराबर या उससे अधिक हो और ग्रिड से ली गई विद्युत की मात्रा लागू TMM खपत की सीमा से अधिक हो, तो वास्तव में उपभोक्ता को कोई बिलिंग की ही नहीं की जाएगी और ऐसी स्थिति में वितरण अनुज्ञप्तिधारी की स्थाई लागत की वसूली कभी नहीं हो पाएगी।

**14.** स्थापित विधि एवं लागू नियमों / विनियमों / नीतियों / विद्युत अधिनियम के आधार पर प्रकरण में की गई उक्त विवेचना से निम्न निष्कर्ष प्राप्त किए गए :—

(अ) <u>संविदा मांग में वांछित कमी</u> :—

1. आवेदिका को दिया गया नेट मीटरींग कनेक्शन माननीय आयोग द्वारा अधिसूचित नेट मीटरींग विनियम 2015 से विनियमित होता है ।

2. नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 के विनियम 6 के प्रावधानों के अवलोकन पश्चात् लोकपाल का अभिमत है कि म0प्र0 विद्युत प्रदाय संहिता 2013 के संबंधित उपबंधों के अन्तर्गत अपीलार्थी उपभोक्ता की विद्युत आवश्यकता की पूर्ति हेतु 120 के.व्ही.ए. / 108 कि.वा. के उच्च दाब नेट मीटरींग संयोजन के लिए अनुमति प्रदान की गई है उन्हीं उपबंधों को संरेखित करते हुए उसी परिसर में समान परिमाण की विद्युत आवश्यकता के समायोजन के लिए नेट मीटरींग व्यवस्था के अन्तर्गत निजि / स्व—उपयोग हेतु स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की क्षमता की अधिकतम सीमा निर्धारित की जाती है। इन उपबंधों के अनुसार ही स्वीकृत संविदा भार के बराबर ही हो सकती है। इस निष्कर्ष के आधार पर आवेदिका की ओर से प्रस्तुत तर्क कि इस विनियम में यह उल्लेख नहीं है कि सौर संयंत्र की क्षमता उपभोक्ता की संविदाकृत मांग से कम होनी चाहिए, विधिसंगत नहीं पाया जाता है और इसे अस्वीकार किया जाना न्यायोचित होगा।

3. नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 के विनियम—2 'परिभाषाएं' के 2(j) में 'पात्र उपभोक्ता' की दी गई परिभाषा से यह स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है कि नेट मीटरींग व्यवस्था के अन्तर्गत किसी उपभोक्ता के परिसर में नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की अधिकतम क्षमता उसकी पूर्ण विद्युत आवश्यकता अर्थात् स्वीकृत संविदाकृत भार के बराबर ही हो सकती है प्राप्त

किए गए इस निष्कर्ष के आधार पर आवेदिका का इस संबंध में प्रस्तुत तर्क विधिसंगत नहीं पाया जाता है और इसे अस्वीकार किया जाना न्यायोचित होगा।

4. नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 के दिनांक 03.02.2017 को अधिसूचित प्रथम संशोधन के अनुसार विनियम 2 **'परिभाषाएं'** के **2(q)** में **'परिसर'** की दी गई परिभाषा की परिसरों के प्रयोजन हेतु नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की स्थापना आनुषंगिक होना चाहिए न कि प्रधान गतिविधि, से स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है कि इस प्रावधानित शर्त के पालन के लिए उपभोक्ता परिसर में नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की अधिकतम क्षमता अनिवार्य रूप से उपभोक्ता की स्वीकृत संविदा मांग के बराबर होनी चाहिए। प्राप्त किए गए इस निष्कर्ष के आधार पर आवेदिका का इस संबंध में प्रस्तुत तर्क विधिसंगत नहीं पाया जाता है और इसे अस्वीकार किया जाना न्यायोचित होगा।

5. नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 के विनियम 7 में के प्रथम भाग, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली को वितरण अनुज्ञप्तिधारी के तंत्र (Network) से अन्तर्संयोजन केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (के.वि.प्रा.) के इस संबंध में जारी विनियम के तकनीकी मापदण्डों के अनुसार किया जाना प्रावधानित है। चूंकि अनावेदकों द्वारा इस संबंध में लिखित में पुष्टि की है कि उनके द्वारा के.वि.प्रा. द्वारा 2019 में जारी संशोधित विनियम में निर्दिष्ट तकनीकी प्रावधानों के अनुसार ही ग्रिड से अन्तर्संयोजन किया जा रहा है और आवेदिका की ओर से भी इसका कोई विरोध नहीं किया गया है, अतः इसमें कोई विवाद नहीं है।

6. ग्रिड से अन्तर्संयोजन के लिए नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की क्षमता की निःसंदेह एक महत्वपूर्ण भूमिका हैं। ऐसी स्थिति में जबकि केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित Central Electricity Authority (Technical Standards for connectivity of the Distributed Generation Resources) Regulations, 2019 में उपभोक्ता की नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली का वितरण अनुज्ञप्तिधारी के तंत्र से अर्न्तसंयोजन के लिए तकनीकी मापदण्ड विनिर्दिष्ट किए गए हैं किन्तु जैसा कि उभयपक्षों ने कथन किया है कि इसमें संविदाकृत भार और नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की उत्पादन क्षमता के मध्य कोई विशिष्ट संबंध नहीं दर्शाया गया है, तब अनावेदकों द्वारा नेट मीटरींग व्यवस्था के अन्तर्गत स्थापित की नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की अनुज्ञेय अधिकतम क्षमता का निर्धारण नेट मीटरींग रेगुलेशन 2015 के विनियम 7 के दूसरे भाग यथा "Until such time……." के अनुसार किया जाना न्यायोचित पाया जाता है। इस विनियम के इस भाग के प्रावधान अनुसार उपभोक्ता की न नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली का वितरण अनुज्ञप्तिधारी के तन्त्र से

अर्न्तसंयोजन संविदाकृत भार के लिए तथा उसको तत्संबंधी लागू वोल्टेज स्तर पर अथवा इस प्रणाली की क्षमता संविदाकृत भार से कम होने पर उपभोक्ता के तत्संबंधी लागू वोल्टेज स्तर पर किया जाना है। प्राप्त किए गए इस निष्कर्ष के आधार पर आवेदिका का इस संबंध में प्रस्तुत कथन/तर्क विधि संगत नहीं पाया जाता है और इसे अस्वीकार किया जाना न्यायोचित होगा।

7. म.प्र. विद्युत नियामक आयोग (ऊर्जा के नवीकरणीय (अक्षय) स्त्रोतों से विद्युत का सह–उत्पादन तथा उत्पादन) (पुनरीक्षण प्रथम) विनियम 2010 के विनियम 11.2 सहपठित प्रोत्साहन नीति 2006 की कण्डिका 14 में अपारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों से विद्युत प्राप्त कर रहे वितरण अनुज्ञप्तिधारी के विद्युत उपभोक्ताओं की संविदा मांग में कमी की अनुमति दिया जाना प्रावधानित है किन्तु प्रोत्साहन नीति 2006 की प्रभावशील अक्टोबर 2011 में समाप्त हो जाने से यह अपीलार्थी को 2019 में दिए गए नेट मीटरींग कनेक्शन पर लागू नहीं है।

8. उपरोक्त के अलावा भी प्रोत्साहन नीति 2006 की कण्डिका–14 के प्रावधान संविदाकृत भार को उस सीमा तक कम किए जाने की सहमति प्रदान करते हैं जहां उपभोक्ता अपारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत से उत्पादित पूर्ण विद्युत का उपयोग करे जो कि तभी संभव है जब विद्युत उत्पादन की अधिकतम क्षमता उसके संविदाकृत भार के बराबर या उससे कम हो। प्राप्त किए इस निष्कर्ष के आधार पर आवेदिका का इस संबंध में प्रस्तुत कथन/तर्क विधि संगत नहीं पाया जाता है और इसे अस्वीकार किया जाना न्यायोचित होगा।

9. म.प्र. राज्य की विकेन्द्रीत नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की नीति 2016 की कण्डिका–2 'Definition' की उप–कण्डिका 4 में **'नेट मीटर्ड उपभोक्ता'** की दी गई परिभाषा से यह स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है कि उपभोक्ता द्वारा अपनी पूर्ण या आंशिक विद्युत आवश्यकता अर्थात् पूर्ण संविदाकृत भार या इसके अंश के समायोजन के लिए स्थापित की जाने वाली नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की अधिकतम क्षमता संविदाकृत भार के बराबर ही हो सकती है।

   इसी कण्डिका–2 की उप कण्डिका (m) में **'परिसर'** की दी गई परिभाषा से, जिसमें प्रावधानित है कि नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली की स्थापना परिसर के आनुषंगिक होगी न कि परिसर की प्रधान गतिविधि, यह स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है कि ऐसी ऊर्जा प्रणाली

की अधिकतम क्षमता संविदाकृत भार के बराबर ही हो सकती है क्योंकि इससे अधिक क्षमता होने पर इस प्रणाली की प्रकृति आनुषंगिक से प्रधान गतिविधि में परिवर्तित हो जाएगी जो वैधानिक प्रावधान के प्रतिकूल होने से अनुज्ञेय नहीं की जा सकती है। प्राप्त निष्कर्ष के आधार पर आवेदिका की ओर से प्रस्तुत तर्क विधि संगत नहीं पाया जाता है और इसे अस्वीकार किया जाना न्यायोचित होगा।

**(ब) <u>टैरिफ मिनिमम प्रभारों की बिलिंग :</u>**

की गई विवेचना से निष्कर्ष प्राप्त होता है कि नेट मीटर्ड संयोजनों की बिलिंग नेट मीटरींग विनियम 2015 के विनियम 8(3) से विनियमित होती है और इस विनियम के अनुसार उपभोक्ता को की जाने वाली बिलिंग शुद्ध विद्युत खपत (Net Electricity Consumption) के लिए की जावेगी और इसी शुद्ध विद्युत खपत पर ही TMM युनिट्स की गणना की जावेगी। इस निष्कर्ष के आधार पर जहां अनावेदकों द्वारा TMM युनिट्स की गणना के लिए अपनाई गई प्रक्रियां विधिसंगत पाई जाती है, वही आवेदिका का तर्क विधि अनुरूप नहीं होकर स्वीकार योग्य नहीं पाया जाता है और इसे अस्वीकार किया जाना न्यायोचित होगा।

**15. <u>निर्णय</u>**

प्रकरण में उभयपक्षों द्वारा प्रस्तुत कथनों/तर्कों/साक्ष्यों की संबंधित नियमों/विनियमों/नीतियों के प्रावधानों के अनुसार की गई विवेचना तथा इसमें प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर आवेदिका अपीलार्थी श्री महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड़, राईट टाउन, जबलपुर की अपील अस्वीकार करने और फोरम के आदेश दिनांक 31.12.2019 को यथावत् रखे जाने का निर्णय पारित किया जाता है।

इस निर्णय के साथ ही प्रकरण निराकृत होकर समाप्त होता है।

उभय पक्ष प्रकरण में हुआ अपना अपना व्यय स्वयं वहन करेंगे। आदेश की निःशुल्क प्रति के साथ उभय पक्षकार एवं फोरम अलग से सूचित हों और फोरम का अभिलेख वापिस हो।

**विद्युत लोकपाल**